वर्ष 24, अंक 121, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 10 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रेड जोन में दिल्ली!

## दम घोंटती दिल्ली की हवा पर गुस्सा, इंडिया गेट पर प्रदर्शन



**नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली की हवा 'खतरनाक' स्तर पर पहुंचने के एक दिन बाद, रविवार को इंडिया गेट पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तत्काल प्रभावी नीतियां बनाने की मांग की।

**प्रदूषण के खिलाफ मार्च**

एक्टिविस्ट्स और प्रदर्शनकारी, जिनमें अअढ और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के नेता भी शामिल थे, इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे थे। यह प्रदर्शन तब हुआ जब कई इलाकों में एक्यूआई 400 के ऊपर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया और दिल्ली 'रेड जोन' में आ गई।


**पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। नई दिल्ली के सीनियर पुलिस अधिकारी देवेश कुमार महला ने बताया, 'इंडिया गेट कोई प्रोटेस्ट साइट नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के अनुसार, नई दिल्ली में प्रोटेस्ट की तय जगह जंतर मंतर है।'

**आप का आरोप**

विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने रीडिंग कम करने के लिए एक्यूआई मॉनिटर पर पानी छिड़कवाया। भाजपा डेटा में हेरफेर कर रही है।' उन्होंने बीजेपी से राजनीति से ऊपर उठकर हवा और पानी के मामले को गंभीरता से लेने की अपील की।

## उत्तराखंड के 25 साल, डबल इंजन से राज्य में आया प्रगति का दौर- पीएम



**उत्तराखंड**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज उत्तराखंड राज्य के गठन की सिल्वर जुबली (25वीं वर्षगांठ) के समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ?8,140 करोड़ से ज्यादा के विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे।

**विकास परियोजनाओं का तोहफा**

प्रधानमंत्री ने ?8,140 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन (?930 करोड़ से अधिक) और शिलान्यास (?7,210 करोड़ से अधिक) किया। ये परियोजनाएं मुख्य रूप से पीने का पानी, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और स्किल डेवलपमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

इस मौके पर, पीएम मोदी ढट फसल बीमा योजना के तहत 28,000 से ज्यादा किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में ?62 करोड़ की सहायता राशि भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए एक विशेष पोस्टल स्टैम्प भी लॉन्च किया।

**उत्तराखंड को बताया 'प्रगति का दौर'**

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 9 नवंबर (उत्तराखंड स्थापना दिवस) के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, '9 नवंबर का यह दिन एक लंबी और कड़ी मेहनत का फल है। आज का दिन हम सभी को गर्व महसूस कराता है। उत्तराखंड के लोगों ने सालों से जो सपना देखा था, वह 25 साल पहले अटल जी की सरकार में पूरा हुआ।'

पीएम ने कहा कि डबल इंजन वाली बीजेपी सरकार उत्तराखंड की क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए काम कर रही है। पीएम ने राज्य आंदोलन के दौरान अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन के बाद कही अपनी बात को दोहराया और विश्वास जताया कि आज जब राज्य 25 साल पूरे कर रहा है, तो यह उत्तराखंड की तरक्की का दौर है।

**25 साल में बदल गया उत्तराखंड**

प्रधानमंत्री ने पिछले 25 सालों में राज्य के विकास को रेखांकित करते हुए बताया कि आज तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा, '25 साल पहले, उत्तराखंड का बजट 4,000 करोड़ रुपये था, और आज यह 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले 25 सालों में, उत्तराखंड में बिजली का प्रोडक्शन बढ़ा है।' पीएम ने कहा, '25 साल पहले, छह महीने में 4,000 टूरिस्ट हवाई जहाज से उत्तराखंड आते थे, लेकिन आज, 4,000 टूरिस्ट रोजाना हवाई जहाज से उत्तराखंड आते हैं। पिछले 25 सालों में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 10 गुना बढ़ गई है। पहले सिर्फ. 1 मेडिकल कॉलेज था, जबकि आज, राज्य में 10 मेडिकल कॉलेज हैं।' पीएम ने कहा कि पहले संसाधन सीमित थे और राज्य का बजट छोटा था।

## MCD उपचुनाव के लिए आप ने किया उम्मीदवारों का ऐलान

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में आगामी एमसीडी (टउऊ) उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है. इसमें अअढ ने अलग-अलग वार्डों से 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है. इस लिस्ट के मुताबिक दक्षिण पुरी से पार्टी ने राम स्वरूप कनौजिया को मैदान में उतारा है. वहीं संगम विहार ए से अनुज शर्मा पर भरोसा जताया गया है. इसके साथ ही ग्रेटर कैलाश से ईशना गुप्ता को टिकट दिया गया है।

## 'लालटेन' को आने मत देना, नहीं तो फिर आएगा जंगलराज- शाह



**बिहार**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के अरवल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राजद के 'महागठबंधन' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस गठबंधन को 'ठगबंधन' करार दिया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर घुसपैठियों के तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

**शाह का राहुल पर सीधा निशाना**

अमित शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को बिहार से ज्यादा बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की चिंता है।

शाह ने कहा, 'राहुल गांधी यहां 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकालने आए थे। मैं उनसे पूछता हूं कि उन्होंने किसके लिए यात्रा निकाली? बिहार की माताओं, गरीबों या युवाओं के लिए? नहीं, इनके लिए इन्हें कुछ नहीं करना है। इन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली है। राहुल के लिए ये घुसपैठिए वोटबैंक हैं।'

गृह मंत्री ने वादा किया, 'राहुल गांधी को बिहार से लेकर इटली तक जितनी यात्रा निकालनी है निकालें, लेकिन वो घुसपैठिए को बचा नहीं पाएंगे। हम देश और बिहार से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगे।' अमित शाह ने कांग्रेस पर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम का केवल चुनावी इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि जब तक बाबा साहेब जीवित रहे।

## दूसरे चरण का प्रचार खत्म, 11 नवंबर को 122 सीटों पर दिग्गजों की अग्निपरीक्षा




**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण का चुनावी शोर शनिवार शाम समाप्त हो गया है। राज्य के 20 जिलों की 122 सीटों पर अब किसी भी प्रकार की सभा, रैली या रोड शो पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग हुई थी, जिसमें रिकॉर्ड 65 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी, जिसमें 1302 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी और 14 नवंबर को चुनावी परिणाम सामने आएगा।

**मैदान में उतरे दिग्गज**

दूसरे चरण की वोटिंग में कई बड़े राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है, जिससे मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव इस चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। ठऊअ के प्रमुख चेहरे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मैदान में हैं।


मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल के 16 मंत्री (जिनमें उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हैं) इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

प्रमुख सीटों में तेजस्वी यादव की राघोपुर, जदयू मंत्री सुमित कुमार सिंह की चकई, भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह की जमुई, जदयू मंत्री लेशी सिंह की धमदाहा और भाजपा मंत्री नीरज कुमार सिंह की छातापुर शामिल हैं।

**इन जिलों में होगा मतदान**

दूसरे चरण में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर, नवादा और रोहतास जिलों में मतदान होगा।

## हिंदू समाज की एकता से भारत बनेगा विश्व गुरु



**नई दिल्ली**

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने संघ की 100 साल की यात्रा पर आयोजित दो-दिवसीय लेक्चर सीरीज 'न्यू होराइजन्स' में संगठन के एकल मिशन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि फ्रर का एकमात्र लक्ष्य पूरे हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करना है, ताकि वह खुशहाल और मजबूत भारत का निर्माण कर सके, जो दुनिया को धर्म का ज्ञान देकर शांतिपूर्ण बनाए।

**संघ का 'एक ही विजन'**

फ्रर प्रमुख मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि संघ का 'एक ही विजन' है। उन्होंने कहा, 'हम पूरे हिंदू समाज को एक करना, ऑर्गनाइज करना, उनमें खूबियां डालना चाहते हैं ताकि वे एक खुशहाल और मजबूत भारत बना सकें जो दुनिया को धर्म का ज्ञान दे ताकि दुनिया खुश, आनंदित और शांतिपूर्ण हो। हमारा एक ही विजन है, सिंगल विजन। उस विजन को पूरा करने के बाद, हम कुछ और नहीं करना चाहते।' उन्होंने कहा कि एक बार हिंदू समाज संगठित हो जाने के बाद, बाकी का काम संगठित समाज खुद करेगा।

**RSS में कौन शामिल हो सकता है?**

यह पूछे जाने पर कि क्या मुसलमानों को आरएसएस में शामिल होने की अनुमति दी जाती है, भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ में किसी भी जाति या पंथ के आधार पर पहचान नहीं होती है। उन्होंने कहा कि संघ में किसी ब्राह्मण, दूसरी जाति, मुसलमान या ईसाई को आने की अनुमति नहीं है। संघ में सिर्फ हिंदूओं को आने की अनुमति दी जाती है।

## प्रतापगढ़ः ड्रग्स तस्कर पर यूपी पुलिस का शिकंजा, घर मिला इतना कैश

### गिनने के लिए मंगवानी पड़ीं मशीनें

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के प्रतापगढ़ में पुलिस ने शनिवार (8 नवंबर) को बड़ी कार्यवाही की है. पुलिस ने ड्रग्स माफिया के यहां से गांजा स्मैक के साथ नोटों का जखीरा बरामद किया. तस्कर के घर छापेमारी में 2 करोड़ कैश भी मिला, जिसको गिनने के लिए मशीनें मंगाई गई. मशीनों के साथ दर्जनों पुलिसकर्मियों द्वारा 24 घण्टे नोटों की गिनती की गई.

इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों के पसीने छूट गए. जानकारी में पता चला है कि, यह काली कमाई का धंधा जेल से संचालित हो रहा था. पुलिस और नारकोटिक्स विभाग द्वारा मादक पदार्थों के तस्कर के घर छापेमारी में 6 किलो गांजा, 577 ग्राम स्मैक के साथ ही 2 करोड़ 1 लाख 55 हजार 345 रुपए कैश मिला.

इसके साथ ही पुलिस ने दो महिलाओं समेत 5 लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया. मानिकपुर थाना के मुंदीपुर में हुई कार्रवाई पूरी होने पर एसपी दीपक भूकर ने बड़ा खुलासा किया है.

**पूरे मामले पर एक नजर**

प्रतापगढ़ जिले में राजा भइया के गढ़ मानिकपुर थाना के मुंदीपुर गांव के रहने वाले मादक पदार्थ तस्कर राजेश मिश्र के घर नारकोटिक्स विभाग और प्रतापगढ़ पुलिस ने शनिवार सुबह 8:00 बजे छापेमारी कर 303750 कीमत का गांजा, 11लाख 54 हजार कीमत की 577 ग्राम




स्मैक के साथ ही 2करोड़ 1लाख 55हजार 345 रुपए नकदी बरामद किया.

इस मामले में राजेश मिश्र की पत्नी रीना मिश्रा, बेटा विनायक मिश्र, बेटी कोमल मिश्र के साथ ही पड़ोसी यश मिश्र और अजीत मिश्र को गिरफ्तार किया गया. इस कार्रवाई का खुलासा करते हुए एसपी दीपक भूकर ने पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रेसवार्ता में किया.

**इस मामले पर एसपी ने दी यह जानकारी**

एसपी ने बताया कि ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार पुलिस की कार्रवाई चल रही है. कुछ दिन पहले ही तस्कर राजेश मिश्र द्वारा अवैध रूप से अर्जित काली कमाई 3 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति को कुर्क की गई थी. इसमें राजेश मिश्र उसकी पत्नी रीना मिश्रा भी इस धंधे लगातार उस्का साथ दे रही थी, उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. दोनों के ऊपर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है. गैंगस्टर रीना मिश्रा 25 दिन पूर्व जेल से छूटकर अपने घर पहुंची थी. इसके बाद इस काले कारोबार में पुनः वह संलिप्त हुई. मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर नगदी और ड्रग्स बरामद किया गया, 24 घंटे तक चली नोटों की गिनती और अब सूचना आयकर विभाग को दी गई है मामले में विधिक कार्रवाई प्रचलित है. गैंगस्टर और तस्कर के खिलाफ अलग-अलग थानों में कुल 14 से अधिक मामले दर्ज है, पुलिस ने खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

# घर के पास खेल रही बच्ची को पिकअप ने कुचला, बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत

## घटना मऊआइमा के प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाइवे मार्ग पर का है

### मासूम बच्ची की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** घर के पास खेल रही मासूम बच्ची को पिकअप ने कुचल दिया जिस से बच्ची की। मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।मासूम बच्ची की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी अनिल कुमार की 3 वर्षीय बच्ची घर के पास रविवार को दोपहर में खेल रही थी। बताया गया है कि घर के बगल साहू धर्म कांटा पर एक पिकअप चालक ने वाहन का तौल करा कर पिकअप बैके कर रहा था।घर के पास खेल रही पीहू को लापरवाही पूर्वक वाहन कुचल कर भाग गया। जिससे मौके पर पीहू की मौत हो गई। पीहू की मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता अनिल कुमार ने पिकअप चालक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शॉर्ट सर्किट से ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग, 10 लाख का सामान? खाक



**जंघई ?।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई बाजार बाबा नगर में शिवबाबू गुप्ता की ऑटो पार्ट्स एवं मोबिल की होलसेल की दुकान है और क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में सप्लाई का काम करते हैं। शनिवार को रात में करीब 8 बजे वह दुकान बंद करके घर चले गये थे। किसी ने उनको सूचना दिया कि आपके दुकान में आग लग गई है तो जाकर देखा कि दुकान के अंदर से आग की लपटें निकल रही हैं देखते ही देखते सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और आग पर काबू करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचें पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा भाजपा नेता इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया, मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। शिवबाबू गुप्ता के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से करीब 10 लाख का सामान जलकर राख हो गया है। चौकी इंचार्ज जंघई उमाकांत मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया और अपने उच्चाधिकारियों सूचित किया और आग लगने के कारणों का पता किया।

## न्यूज झरोखा

### भगवत कथा जीवन के हर व्यथा को दूर कर दिखाती है मुक्ति का माग : उदय भान करवरिया



**सहसों।** सहसों के बदल का पूरा गांव स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता एवं अधिवक्ता पंडित दिलीप मिश्र के निवास पर संगीतमय चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को कथा का श्रवण करने पहुंचे प्रयागराज के ब्राह्मण शिरोमणि भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक उदय भान करवरिया का नव युवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों, कथा के आयोजक गंण एवं उपस्थित जनों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने अपने आत्मीय संबोधन में सभी को संगठित होकर समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, संस्कार और संगठन का प्रतीक रहा है। इसे आगे भी एकजुट रहकर समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। पूर्व विधायक ने कथा के रसिक श्रोता प्रेमियों से कहा कि भगवत कथा मनुष्य के जीवन की हर व्यथा को दूर करते हुए भक्ति के साथ मुक्ति का मार्ग दिखाती है। तत्पश्चात पूर्व विधायक ने भगवान बांके बिहारी, भागवत भगवान एवं व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास पंडित बद्री नारायण शुक्ल चंदन जी महाराज का माल्यार्पण कर चरण वंदन करते उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज अशोक दुबे, शारदा प्रसाद शुक्ल, नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक व अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र, उपाध्यक्ष शेषनारायण त्रिपाठी, महामंत्री प्रमोद शुक्ल, कृष्णदेव द्विवेदी, सत्येंद्र त्रिपाठी, भुनेश शुक्ल, प्रवेश शुक्ल, सूर्यमणि पांडे, पवन शुक्ला, विजय तिवारी, राजमणि शुक्ल, पंकज मिश्रा, संजय शुक्ल, मुन्ना शुक्ल, शिशिर मिश्र, छोटे तिवारी सहित आदि गणमान्य एवं भारी संख्या में श्रोता भक्तों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

### सुई धागा लाइफ स्टाइल शोरूम का भव्य उद्घाटन

**अब कपड़े पहनने के लिए मिलेंगे पैसे - सीएमडी**



**प्रयागराज।** शहर में फैशन और लाइफ स्टाइल के नए आयाम को बढ़ावा देते हुए सुई धागा लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड का भव्य शोरूम तुलसीयाना प्लाजा, सिविल लाइन्स में शुभारंभ किया गया। शोरूम का उद्घाटन कंपनी के सीएमडी शिवा शंकर दास द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन के दौरान कई जिलों से आए गणमान्य व्यक्ति, व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए शिवा शंकर दास ने कहा कि सुई धागा लाइफ स्टाइल एक मजबूत नेटवर्क मॉडल पर आधारित कंपनी है, जिसका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के उत्पाद सबसे सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर व्यक्ति फैशन के साथ चलना चाहता है, परंतु महंगे दाम बाधा बन जाते हैं। सुई धागा लाइफ स्टाइल शहर में ऐसी सुविधा देने जा रही है, जहाँ ग्राहक न सिर्फ अच्छे और स्टाइलिश कपड़े खरीदेंगे, बल्कि पहनने पर उन्हें मूल्य लाभ भी मिलेगा। शोरूम संचालक सत्येंद्र जायसवाल एवं जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि प्रयागराज में यह पहला स्टोर है और आगे कई और स्थानों पर विस्तार की योजना है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को यहाँ ट्रेंडी, परंपरागत और उत्सव विशेष सभी प्रकार के वस्त्र किफायती दाम पर उपलब्ध कराए जाएंगे। शोरूम में सभी आयु वर्ग के लिए विस्तृत विकल्प रखे गए हैं। इस अवसर पर अर्चना जायसवाल, अशोक शुक्ला, विनोद पाण्डेय, अनिल चतुर्वेदी, डीडी जोशी सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे। शोरूम के उद्घाटन के बाद अतिथियों एवं ग्राहकों के लिए स्वागत सत्कार भी किया गया।

# शंकरगढ़ में लाउडस्पीकरों पर प्रशासन की सख्ती कई धार्मिक स्थलों से हटवाए गए स्पीकर



**शंकरगढ़।** ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को प्रशासन ने शंकरगढ़ क्षेत्र में अभियान चलाकर विभिन्न धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए। एसीपी बारा कुंजलता तथा शंकरगढ़ थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान मंदिरों और मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकरों की जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि धार्मिक स्थलों पर निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि स्तर नहीं होना चाहिए तथा जरूरत से अधिक लाउडस्पीकरों का प्रयोग न किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, कस्बे में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर यह कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपया निकालने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** एटीएम से रुपया निकालते समय धोखे से एटीएम बदलकर नकदी उड़ाने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, मोबाइल व अन्य सामान बरामद भी हुआ। झूंसी थानाध्यक्ष महेश मिश्र के अनुसार सेवानिवृत्त बीडीओ श्रीकांत त्रिपाठी निवासी चैतन्यपुरी कालोनी पुलिस बूथ स्थित एचडीएफसी बैंक के निकट स्थित एटीएम से 11 हजार रुपया निकालने गए थे। इसी दौरान धोखे से उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया था। उसे शातिर युवकों ने निकाल कर उनके खाते से 60 हजार रुपया उड़ा दिया। तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू हुई तो इसमें शामिल चार युवकों का पता चल गया। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुरानी झूंसी के निकट से सुनील कुमार निवासी हरिपुर थाना हंडिया, सौरभ कुमार चिल्ला कला सोहागी रींवा मध्य प्रदेश, प्रियांशु भारतीय हरिपुर बींदा थाना हंडिया व गुड्डू उर्फ विजय महरुडीह नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन मोबाइल, तीन कार्ड व 1500 नकद, एक बाइक बरामद किया गया। पूछताछ में बताया कि एटीएम मशीन में जहां से कैश निकलता है उस स्थान पर धातु की स्ट्रिप चिपका देते हैं। जब कोई व्यक्ति पैसा निकालने आता है, निकला हुआ कैश इसी स्ट्रिप में छिप जाता है। ग्राहक मशीन खराब समझकर चला जाता है। उसके जाने के बाद हम उस स्ट्रिप निकालकर कैश ले लेते है। पकड़े गए चारों बदमाशों के खिलाफ कई थानों में धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। चारों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- निरीक्षक नाहर सिंह, थाना दारागंज उ0नि0 कमलेश पटेल चौकी प्रभारी छतनाग, उ0नि0 हरिशंकर मिश्र, चौकी प्रभारी नई झुंसी, उ0नि0 जयराम सरोज, चौकी प्रभारी रहिमापुर, उ0नि0 अभय कुमार सिंह, उ0नि0 अखिल ओझा, उ0नि0 अंशुमान सिंह, का0 अभिषेक सिंह, का0 आशीष यादव रहे।

# 700 मीटर के अंदर दो, दो ब्रिज का निर्माण सरकारी धन का बंदर बांट

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** रेलवे फाटक 51 बी पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज का दर्जनों व्यापारी और रहवासियों ने रविवार को विरोध जताया। कहा कि 700 मीटर के भीतर ओवर ब्रिज स्वीकृत कर सरकारी धन का बंदर बांट किया जायेगा। वक्ताओं ने कहा की मीरगंज थाना क्षेत्र स्थित जंघई रेलवे स्टेशन के पास पश्चिम 700 मीटर पर एन एच 731 बी का ओवर ब्रिज बन कर तैयार हो रहा है, जो 2 माह के भीतर पूरा होने की संभावना है। इसके बावजूद 51 बी रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाना प्रस्तावित है, जिसे लेकर लोगों में रोष है। उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की प्रसंशा करते हुए कहा कि 700 मीटर पर दूसरे ओवर ब्रिज की क्षेत्रीय जनता को कोई आवश्यकता नहीं है। लोगों का कहना है कि एन एच के ब्रिज पर आवागमन शुरू होते ही 51 बी रेलवे फाटक पर जाम की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी, इसलिए 51 बी पर ब्रिज बनाने का कोई औचित्य नहीं है। राज्य सरकार और सेंट्रल रेलवे के संयुक्त खर्च लगभग 50 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए प्रस्तावित 51 बी रेलवे फाटक ब्रिज सरकारी धन का दुरुपयोग होगा इसलिए भी ब्रिज बनाने का कोई औचित्य शेष नहीं है। जंघई मछलीशहर मार्ग के रेलवे फाटक 51 बी के आस पास के सैकड़ों छोटे छोटे दुकानदार एवं उन पर आश्रित परिवार की रोजी रोटी छिन जाएगी, जिससे वे भुखमरी के शिकार हो जायेंगे। लोगों ने सरकार से मांग की है कि ब्रिज निर्माण पर पुनर्विचार किया जाए और सरकारी धन को अन्यत्र जनहित में खर्च किया जाए, जहां विकास के साथ ही लोगों की सुख सुविधा बढ़ सके। यह भी कहा कि सरकारी धन का बंदर बांट करने के लिए ब्रिज का प्रस्ताव देने वाले अधिकारियों की जांच की जाए वक्ताओं में संदीप पाठक, सुरेन्द्र यादव, विनोद उमर थे। इस अवसर पर भोला पाठक, पन्नालाल गौड़, पंकज शुक्ला, पन्नालाल यादव, मो मुख्तार, फकरे आलम, संजय विश्वकर्मा, दीना यादव, बुद्धू यादव, महेश गौड़, बबऊ गौड़, प्रकाश पाठक, इंद्रजीत आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पत्थर बंदी महादेव मंदिर की तोड़ा दीवाल, आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**





**बारा प्रयागराज।** बारा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत छीड़ी के पहाड़ी पर स्थित पथरबंदी महादेव मंदिर की पीछे की दीवार काट कर असामाजिक तत्वों ने मंदिर में खुदाई कर शनिवार रात परिसर को अस्त-व्यस्त कर दिया। रविवार को जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्राम प्रधान सतीश कुमार गुप्ता की सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थलीय निरीक्षण किया।प्रधान के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

क्षेत्र के छीड़ी पहाड़ी पर भगवान भोलेनाथ का अति प्राचीन मंदिर है जिसे क्षेत्रीय लोग पथरबंदी महादेव मंदिर कहते हैं। यहां शिव परिवार के अतिरिक्त हनुमानजी एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं।प्रति वर्ष पौष माह के त्रयोदशी,अधिमास,सावन आदि माह में विशाल मेला लगता है। शनिवार रात में अज्ञात लोगों ने मंदिर की पीछे की दीवार काट कर अंदर घुस गए। शिवलिंग के पास रात भर पत्थरों को काटते रहे और भोर होते ही भाग गए। सुबह ग्रामीणों ने मंदिर की दीवार टूटी देखा तो आश्चर्य में पड़ गए। ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ समय पर ही नायब तहसीलदार बारा विजय कुमार भी मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

पथरबंदी महादेव मंदिर की दीवार काट कर खुदाई करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों ने इस तरह की घटना की अथवा असामाजिक तत्वों ने घटना को अंजाम दिया।यह जांच का विषय है।

**इसी वर्ष पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने किया था अधिग्रहण**

पथरबंदी महादेव मंदिर को इसी वर्ष पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अधिग्रहण किया था और मंदिर के सुंदरीकरण के लिए शासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।

**बोले जिम्मेदार**

पथरबंदी महादेव मंदिर में दीवार काट कर खुदाई करने के प्रकरण की सूचना मिलते ही मौके पर राजस्व विभाग की टीम के साथ पहुंचा था। प्रथम द्दष्टया छिपा खजाना खोजने वालों का काम लगता है। धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ की बात नहीं लगी। पुलिस विवेचना कर रही है। विवेचना में शीघ्र ही खुलासा भी हो जाएगा। **-नायब तहसीलदार बारा-विजय कुमार**

# नैनी में सिन्धी समाज का विरोध प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ के नेता पर कार्रवाई की मांग

### सिन्धी समाज के ऊपर गलत टिप्पणी करने से सिन्धियों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** नैनी में सिन्धी समाज का विरोध प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के नेता अमित बघेल द्वारा झूलेलाल भगवान जो सिन्धी समाज के ईष्ट देवता है। उनको मछली वाला एवं सिन्धी समाज को पाकिस्तानी कहने पर चकभटाई वार्ड नैनी के सिन्धी कालोनी में सिन्धी समाज की बैठक हुई। जहाँ भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री मोदी से मांग की गई मीडिया के माध्यम से कि अमित बघेल के ऊपर दण्डात्मक कार्यवाही हो एवं सिन्धी समाज से सार्वजनिक मॉफी माँगे। क्योंकि सिन्धी समाज ने हिन्दुत्व एवं धर्म की रक्षा हेतु सिन्ध प्रान्त जोकि अखण्ड-भारत का हिस्सा था सन् 1947 में जब बँटवारा हुआ तो वहाँ के सिन्धी (हिन्दुओं) ने अपनी जमीन, जायदाद, खेत-खलिहान व्यापार सब कुछ छोड़कर मुसलमानों द्वारा स्थापित सिन्ध (पाकिस्तान) को छोड़कर हिन्दुस्तान को चुना। इस समाज ने सर्वप्रथम जात-पात की विदाई की। आज भी इस समाज में, क्षत्रिय, ब्राहमण, वैश्य, शूद्र में विभाजित नहीं है। इस सुम्प्रदाय के लोग जाति के नाम पर सिर्फ पूर्वजों का नाम ही लगाते हैं। इस समाज के लोग सिर्फ अपने आप को शुद्ध हिन्दुस्तानी समझते हैं। सिन्ध प्रान्त छोड़ने के बाद भारत आने पर इन लोगों ने मजदूरी मेहनत कर अपने आप को स्थापित किया। कभी भी किसी सरकार से आरक्षण की मांग नहीं की और जिस झूलेलाल भगवान को ये मछली वाला देवता कह रहे है वो मछली उनका वाहन है। वह मछली पल्ला नाम से जानी जाती है जो कि बहुत ताकतवर होती है और वो विपरित दिशा यानि समुद्र से चलकर सिन्धु नदी को जाती है 450 किमी० का सफर करती है। बिना जानकारी के किसी धर्म-सम्प्रदाय पर गलत टिप्पणी करना निन्दनीय है। ये वही सिन्धी है जिसका वर्णन हमारे राष्ट्रगान में भी होता है। सिन्धी समाज ऐसे फर्जी नेताओं का पुरजोर विरोध करता है एवं शासन-प्रशासन से मांग करता है कि ऐसे लोगों पर दण्डात्मक कार्यवाही कर सार्वजनिक रूप से सिन्धी समाज से माफी माँगे। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद मयंक यादव, उमा शंकर आयलानी (मुखिया), महेश कुमार आहूजा, जितेन्द्र आहूजा, नरेन्द्र कुमार छाबडा, हेमन्त कुमार छाबडा, रज्जन तनेजा, हेमन्त मध्यान, विजय मध्यान, सचिन मध्यान, अमन छाबडा, नवीन आहूजा, विनोद कुमार आहूजा, सुदेश आहूजा, दर्शन, दीपक, संजय श्रीवास्तव, सुरेश अग्रवाल, अशोक भून्दड़ा, वैशाली आहूजा, ज्योति आहूजा, जानवी आहूजा, प्रिया अहूजा एवं महिलायें उपस्तिथ रही। कार्यक्रम विरोध प्रदर्शन सिन्धी धर्मशाला पर हुआ।

# श्रीबज्रांग आश्रम देवली में विद्यार्थियों को वेदांग की पुस्तकें की गई प्रदान



**जंघई।** देवली ग्राम में श्रीबज्रांग आश्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आश्रम के सहयोगकताओं, दानदाताओं के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वेद, वेदांग, व्याकरण आदि की पुस्तकें वितरित की गई। जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश कुमार पांडेय, एसीपी हंडिया सुनील सिंह एवं एसपी फूलपुर विवेक यादव ने आश्रम में स्थित मंदिर में श्रीहनुमान जी एवं श्रीपंचानन महादेव जी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया तथा सभी विद्यार्थियों को वेदादि की पुस्तकों को प्रदान किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को कंबल प्रदान किया। पिलिखिनी प्रधान बच्चन मिश्र ने विद्यार्थियों को फुटबॉल, वालीबॉल आदि खेलकूद की सामग्री प्रदान किया। आश्रम के संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक व विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र नारायण मिश्र ने आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र पुष्पमाला आदि से स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र नारायण मिश्र, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, ब्रह्मा तिवारी, कृष्णकांत ओझा, अभिनव द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, पंडित विकास मिश्रा, जगदीश दुबे, जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिंद, राजेश मिश्र, जिला संयोजक बजरंगदल देवेंद्र सिंह, प्रखंड मंत्री किशन पाठक, विद्यालय स्टाफ में प्रधानाचार्य त्र्यंबकनाथ उपाध्याय, कौशलेंद्र मिश्र, अखिलेश मौर्या सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ममता और रिश्ते हुए शर्मसार, मां-बाप ने ही ली अपनी बेटी की जान

- पुलिस ने बरामद किया खून से सना चाकू
- इज्जत बचाने के नाम पर रिश्तों की सीमाएं तोड़ीं





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गांव में घटी एक घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। यहां एक दंपती ने अपनी ही 15 वर्षीय बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या की वजह लोकलाज और बदनामी का डर बताई जा रही है। रविवार को थाना घूरपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी पिता रमेशचन्द्र सोनकर और मां सन्तोष देवी, निवासी ग्राम कांटी, को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सना चाकू भी बरामद किया गया।

घटना 5 नवम्बर की रात की है। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने खेत की बाउंड्री के अंदर झाड़ियों में एक किशोरी का शव देखा, जिसकी गर्दन पर गहरे घाव के निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को बुलाया। डॉग स्क्वॉयड ने घटनास्थल से सीधा रास्ता पकड़ते हुए लड़की के घर की ओर रुख किया और वहीं आकर मंडराने लगा। इससे पुलिस को शक हुआ कि हत्या घरवालों ने ही की है।

शुरूआती पूछताछ में पिता रमेश ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उसने कहा कि बेटी साढ़े पांच बजे घर से निकली थी और वापस नहीं आई। वह रोने और बेटी को खोजने का नाटक करता रहा। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने उसके झूठ की परतें खोल दीं। रिपोर्ट के मुताबिक, मौत रात में ही हुई थी, लगभग 16 घंटे पहले। लड़की के पेट में अधपचा चावल मिला, जिससे स्पष्ट हुआ कि हत्या खाने के तुरंत बाद की गई थी।

इसके बाद पुलिस ने रमेश से सख्ती से पूछताछ की तो सच सामने आ गया। रमेश और उसकी पत्नी सन्तोष देवी ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही बेटी की हत्या की थी। उन्होंने बताया कि बेटी के गांव के कुछ लड़कों से बातचीत और मेलजोल को लेकर वे नाराज थे। हमने कई बार समझाया, डांटा, पर वह नहीं मानी। हमें डर था कि उसकी वजह से गांव में बदनामी होगी, रमेश ने स्वीकारोक्ति में कहा।

डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि दंपती ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने बुधवार रात खाने में नींद की गोलियां मिलाकर बेटी सरिता को बेहोश किया, फिर आधी रात करीब 12 बजे उसे घर से करीब सौ मीटर दूर बाउंड्री की झाड़ियों में ले जाकर चाकू से गला रेत दिया। जब तक सरिता तड़पती रही, मां-बाप का दिल नहीं पसीजा। अगले दिन दोनों ने बेटी की खोज का नाटक रचा ताकि किसी को शक न हो।

अभियुक्त रमेश ने बरामद चाकू दिखाते हुए कहा कि यही वह चाकू है जिससे मैंने अपनी बेटी की जान ली। यह सुनकर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए।फॉरेंसिक जांच और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने ठोस साक्ष्य जुटाए और दोनों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एसओजी और सर्विलांस सेल की टीमों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## बारा को मिली नई सौगात, बालाजी फिलिंग स्टेशन का हुआ भव्य उद्घाटन



**अखंड भारत संदेश**

**बारा/शंकरगढ़।** क्षेत्रवासियों को आधुनिक और पारदर्शी ईंधन सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बालाजी फिलिंग स्टेशन बारा का भव्य उद्घाटन रविवार को बारा विधायक डॉ. वाचस्पति एवं प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि बालाजी फिलिंग स्टेशन के शुभारंभ से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण ईंधन सुविधा के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि यह स्टेशन उपभोक्ताओं को पारदर्शी, विश्वसनीय और समयबद्ध सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने इस पहल के लिए स्टेशन संचालक को बधाई दी।प्रोपराइटर रोहित केसरवानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम पूर्ण ईमानदारी और सेवा भावना के साथ उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया।

## संस्कृति एवं विरासत क्लब के जरिए बनेगें भारत भाग्य विधाता : न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** संस्कृति एवं विरासत क्लब के जरिए बनेगें भारत भाग्य विधाता। विरासत को संजोने में देर जरूर हुई लेकिन अब इस क्लब के माध्यम से हर विद्यालय में संस्कृति और विरासत पर चर्चा होगी तथा भारत के भाग्य विधाता और नैतिक नागरिक को गढ़ा जायेगा।

उक्त बातें आज राजकीय इण्टर कालेज में न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने जनपद के संस्कृति एवं विरासत क्लब के उद्घाटन के अवसर पर कही। प्रयागराज विद्वत परिषद और भारत भाग्य विधाता द्वारा जनपद के समस्त स्कूलों में संस्कृति एवं विरासत क्लब का गठन करके विरासत और संस्कृति के जरिए भारत भाग्य विधाता के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस अवसर पर लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रोफेसर के बी पांडे ने कहा कि प्रयागराज में प्रधानाचार्य गुरुओं से बड़ी अपेक्षा है। प्रयागराज वह स्थान था जिसने देश को दिशा दी है, आध्यात्म विज्ञान की नगरी रही यहीं पर हवाई जहाज का आविष्कार हुआ। हमें अपने गौरव को पुनर्स्थापित करना है इसमें आप सभी गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी के सिंह ने कहा कि यह हम गुरुओं का दायित्व है कि बच्चे जो कच्ची मिट्टी के समान है। इनके अंदर प्रबल राष्ट्र प्रेम और नैतिक नागरिक बनने का कार्य करना है। संयोजक वीरेंद्र पाठक ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्र भक्तों महापुरुषों के नाम से संस्कृति एवं विरासत क्लब बनेगा शहीदों महापुरुषों की आजाद गाथा सुन कर उनसे चर्चा करके उनके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना भरना है।

इस अवसर पर प्रयागराज के इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में प्रश्न उत्तर का दौर भी चला। इसमें डा मोरार जी त्रिपाठी ने भी अपना विचार व्यक्त किया।डा श्रवण मिश्र शशिकांत मिश्र सुनीता जी आदि भी शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ की बैठक

### जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में साझा की जानकारी

**प्रशिक्षु अधिकारी विकासखंड कोराव, बहरिया एवं नगर पंचायत फूलपुर के क्षेत्र में जाकर करेंगे फील्ड स्टडी**

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने रविवार को संगम सभागार में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। प्रशिक्षु अधिकारियों के द्वारा जनपद के विकासखंड कोराव एवं बहरिया के साथ-साथ नगर पंचायत फूलपुर एवं नगर पंचायत कोराव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर फील्ड स्टडी किया जाएगा। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्लम एरिया एवं सॉलिड लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी भ्रमण किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत रोजगार उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, उपनिदेशक कृषि आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी जिला पंचायत सदस्य प्रत्यासी ने क्षेत्र का किया भ्रमण, लिए आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**



युवक क्रिकेट खिलाड़ियों को बल्ला भेंट करते जिला पंचायत प्रत्यासी राम गणेश मौर्य

**सोरांव।** वार्ड नंबर 34 से जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए तथा सरकार की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने व विकास की गंगा बहाने के लिए सोरांव ब्लॉक के बाहर सराय निवासी समाजसेवी व प्रधान पति राम गणेश मौर्य (गन्नू) मिस्त्री ने रविवार को कई गांव ने जाकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिए।

वहीं रविवार को सोरांव ब्लॉक के शहाबपुर के पुरई का पूरा तथा दांदूपुर में क्रिकेट खेल में रुचि लेने वाले टीम को बैट बल्ला तथा गेंद गिफ्ट किए। मौर्य ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर 34 से सभी सम्मानित मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो जरूर जरूरत मंद लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाई जाएगी। ग्रामीणों की माने तो राम गणेश मौर्य एक सम्मानित कर्मठशील तथा ईमानदार छवि के प्रत्याशी है। जरूरत पड़ने पर कभी भी किसी के साथ खड़े होने में हिचकते नहीं है। हमेशा लोगों के बीच में रहते है।

## विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवंबर को

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया, प्रयागराज।** खेल कार्यकारिणी समिति की बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, प्रयागराज द्वारा विधानसभा क्षेत्र हंडिया में विधायक खेल प्रतियोगिता 14-15 नवंबर को आयोजित की जा रही है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सत्यम ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ हंडिया पॉलिटेक्निक, हंडिया के मैदान में सुबह 9 बजे से होगा।

इसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, बैडमिंटन सहित 8 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणी में बालक-बालिकायें प्रतिभाग कर सकते हैं।

विधायक खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी विभाग की वेबसाइट" https://www.yuvasathi.in/sports-registration? पर पंजीकरण कर सकते हैं।

इसके अलावा प्रतियोगिता के दिन भी निर्धारित स्थल पर आवेदन किया जा सकता है। खिलाड़ियों को उक्त प्रतियोगिताओं में अपने आधार कार्ड के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सत्यम ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें खेल भावना विकसित करना तथा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

## यू डी मेमोरियल कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने प्रांगण के बारे में जानकारी लिए



**अखंड भारत संदेश**

**स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा आश्रम परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अरैल में यू डी मेमोरियल कान्वेंट स्कूल मांडा मेजा प्रयागराज के 102 छात्र-छात्राएं एवं टीचर का परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में प्रांगड़ में आगमन हुआ, साथ में स्कूल के बच्चों के साथ में परमार्थ त्रिवेदी पुष्प आश्रम के ऋषि कुमारों के द्वारा हनुमान चालीसा में आनंद में हुए बच्चे। एवं पूज्य स्वामी जी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरुण सारस्वत सर के दिशा निर्देश में बाल दिवस के उपलक्ष्य में सभी बच्चों और टीचरों को डिटेल साबुन देखकर बिदा किया गया, वही स्वागत में परमार्थ त्रिवेदी पुष्प के मैनेजर परेश दवे, संतोष पांडे के द्वारा प्रांगण के बारे में जानकारी दिया गया। एवं स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा आश्रम परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अरैल श्री सच्चा बाबा घाट सेल्फी प्वाइंट पर चला स्वच्छता अभियान



**नैनी।** नैनी अरैल सच्चा बाबा घाट सेल्फी प्वाइंट पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से सहायक अध्यापक नीरज पाण्डेय के नेतृत्व में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने घाट पर एकत्रित स्नानार्थियों, नाविकों, तीर्थ पुरोहितों एवं स्वयंसेवकों से आस्था एवं सनातन धर्म की पहचान मां गंगा के गोद में लोग स्नान करने आते हैं लेकिन उसके साथ-साथ गंदगी का अंबार भी गंगा नदी में छोड़ जाते हैं, गंगा में डाले हुए मूर्ति जिसमें कांच, तार, लोहे की किल आदि चीजें लगे होते हैं गंगा स्नान करने आए लोगों के पांव में चुभ जाते हैं इससे लोग जख्मी हो जाते हैं ऐसे कृत को करने के लिए लोगों को मना किया इसलिए सभी से अपील है कि गंगाजल में स्नान करें, ना कि गंदगी डालें। अपने कुछ चंद शब्दों में स्वास्थ्य के बारे में भी लोगों को जागरूक किया और कहा कि सुबह नित्य करिए योग रहिए निरोग। नव आगंतुक साथी इंदु प्रकाश सिंह ने कहा ने कहा* कि सरस्वती परिवार पिछले 8 वर्षों से अरैल घाटों पर स्वच्छता अभियान द्वारा साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरुक कर रहे हैं, इसलिए इस टीम के द्वारा आम जनमानस से भी अपील है, कि आप जुड़े और स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, सुनील कुशवाहा, संदीप केसरवानी, विकास मिश्रा, विनोद गुरानी, धीरज निषाद, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, शशिकांत पांडेय, पुष्पेंद्र द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा,दीपक दीक्षित, शिबू सिंह, हिमांशु उपाध्याय, शशि प्रकाश तिवारी, तुलसी तिवारी, उज्जवल यादव, गौरव यादव, सौरभ यादव, आर्यन यादव आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**फाफामऊ।** प्रयागराज भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ गंगापार की मासिक बैठक रविवार को थरवई क्षेत्र के गारापुर बाजार में बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय के कुशल निर्देशन में किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता चुनौतियों से भरी हुई है, ऐसे में संगठन ही पत्रकारों की सशक्त आवाज बन सकता है। इसलिए हर जिले और तहसील स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस अवसर पर आगामी 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह की तैयारियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। महासंघ ने घोषणा की कि इस आयोजन में क्षेत्र के सक्रिय और निष्पक्ष पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि संगठन से जुड़े सभी सदस्यों का एक लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, जिससे पत्रकारों और उनके परिवारों को सुरक्षा का संबल मिल सके। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ देशभर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। संगठन के बैनर तले पत्रकारों को न केवल सामाजिक, बल्कि आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और संगठन के हित में अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सभी ने महासंघ की भूमिका की सराहना करते हुए इसे देश के सबसे सक्रिय पत्रकार संगठनों की उपस्थित पत्रकारों में सराहना की इस मौके पर प्रमुख रूप से बी डी शुक्ला सज्जन द्विवेदी राजन तिवारी रवि दुबे राजेंद्र तिवारी उर्फ त्रिकाली श्याम कृष्णा पिंटू शुक्ला अशोक कुमार मिश्रा शिवम नंदन त्रिपाठी बिंदु गुप्ता के के यादव कृष्ण मोहन मौर्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पत्रकार बैठक में मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेन्टर निगरानी को लेकर की बैठक

## विद्यालयों व कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं हेल्पनम्बर प्रचारित करायें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेन्टर वन नियमों की निगरानी एवं कार्यान्वयन को लेकर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक शनिवार 08 नवम्बर को सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं छात्रावासों में छात्रों की मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए और सुसाइड के मामलों की गहन जांच-पड़ताल की जाए। उन्होंने सी०ओ० सिटी को ऐसे सभी मामलों की निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एंटी रोमियो टीम, एस्कॉर्ट टीम तथा साइबर क्राइम सेल समय-समय पर विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों का निरीक्षण करें, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या मानसिक उत्पीड़न की स्थिति को समय रहते रोका जा सके। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि वे सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों में वर्कशॉप आयोजित करें, जिससे छात्रों में मानसिक संतुलन बनाए रखने और तनाव प्रबंधन की जानकारी दी जा सके। इसके साथ ही ऐसे छात्रों का चिन्हांकन भी किया जाए जो मानसिक रूप से अस्वस्थ या तनावग्रस्त प्रतीत हों। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा को निर्देश दिया गया कि वे सभी विद्यालयों, कोचिंग सेंटरों एवं छात्रावासों को शासनादेश में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सर्कुलर पत्र जारी करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 14416 और 18008914416 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि जरूरतमंद छात्र तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ये हेल्पलाइन नंबर प्रत्येक विद्यालय, कोचिंग सेंटर और छात्रावास की दीवारों पर बड़े अक्षरों में लिखवाए जाएं, जिससे छात्रों को आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने कहा, ह्लछात्र हमारे भविष्य हैं। उनके मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन हर संभव कदम उठाएगा ताकि कोई भी छात्र तनाव या दबाव के कारण गलत कदम न उठाए।



## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** दूसरी शादी करने के बाद पहली पत्नी को ससुराल से मारपीट कर घर से भगाने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के धनऊ का पुरवा पहाड़पुर निवासी मातुल निशा पुत्री मोहम्मद जबरैल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका निकाह वर्ष 2012 में लीलापुर थाना क्षेत्र के डांडी निवासी मोहम्मद निसार के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ है। उसकी शादी में 6 लाख रुपये खर्च हुए। शादी के बाद से उसके दो बच्चे भी हुए। आरोप है कि डेढ़ साल पहले पति निसार ने दूसरी शादी कर ली और प्रतापगढ़ शहर में किराए के आवास में रहने लगा। आरोप है कि पति ने उसका जेवर व कीमती सामान छीनकर ससुराल से भगा दिया। इसके बाद से वह अपने दोनो बच्चों के साथ मायके में रह रही है। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसपी के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुराने विवाद को लेकर किशोरी को पीटा, शिकायत




**पट्टी।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने घर में घुसकर किशोरी के ऊपर हमला बोल दिया। इस हमले में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर आए जहां पर किशोरी का इलाज चल रहा है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव निवासी सुभाष तिवारी की 15 वर्षीय पुत्री साक्षी तिवारी रविवार को दिन में अपने घर पर बैठी थी। इस दौरान पड़ोसियों ने घर में घुस कर किशोरी को लाठी डंडे से मार-पीट कर घायल कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल किशोरी को इलाज हेतु रविवार को सीएचसी पट्टी लेकर पहुंची। घायल किशोरी का सीएचसी में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल किशोरी का मेडिकल परीक्षण करते हुए तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भरोखन मेले का किया शुभारंभ

**पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने केसरी नंदन महाराज का दर्शन करने के बाद मेले का किया शुभारंभ**

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के केसरी नंदन धाम भरोखन में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने केसरी नंदन महाराज का दर्शन करने के बाद मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन के बाद भरोखन निवासी लालजी सिंह के साईं बाबा मंदिर में पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने भरोखन के नवलखी देवी इंटर कॉलेज विद्यालय के साईं बाबा धाम पर भी दर्शन किए। केसरी नंदन धाम के मेला आयोजक सुरेश सिंह राठौर एडवोकेट ने बताया कि मेले में दुकानदार दुकान लेकर आएंगे और यहां पर मंदिर पर दर्शन पूजन भी करेंगे। सुबह से शुरू होकर दशहरा मेला शाम तक चलेगा। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक दया भान सिंह उर्फ पप्पू सिंह, ब्लॉक प्रमुख कमला कांत यादव, मीडिया प्रभारी विनोद पाण्डेय,पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पिंटू सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज सिंह उर्फ राजू, पट्टी मंडल अध्यक्ष रमेश चंद सोनी, आदि सम्मानित लोग शामिल रहे।

## रामलीला में ताड़का वध देखने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पट्टी।** नगर के राम नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में रामलीला में ताड़का वध का मंचन किया गया। ताड़का वध देखने के लिए क्षेत्र के सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा रही। तीसरे दिन के मंचन में ऋषि मुनियों पर राक्षसों का अत्याचार बढ़ने के कारण महर्षि विश्वामित्र अयोध्या जाते हैं, राजा दशरथ से राक्षसों के संहार के लिए भगवान श्री राम और लक्ष्मण को मांग कर लाते हैं। राजा दशरथ भगवान श्री राम और लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने की आज्ञा देते हैं। महर्षि विश्वामित्र घनघोर वीरान दंडक वन में लेकर जाते हैं जहां पर राक्षसी ताड़का का वास होता है। सभी ऋषि मुनि इस राक्षसी के अत्याचारों से परेशान थे। दंडक वन में जाकर भगवान राम और राक्षसी ताड़का के बीच भयानक युद्ध होता है। जिसमें मारीच व सुबाहु की बहन राक्षसी ताड़का का भगवान श्री राम वध कर देते हैं। जिससे सभी ऋषि मुनि प्रसन्न हो जाते हैं। इस युद्ध में भगवान श्री राम का बांण लगने से मारीच सौ योजन दूर जाकर गिरता है तथा सुबाहु मृत्यु को प्राप्त होता है। ताड़का वध लीला देख दर्शक उत्साहित नजर आए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह उर्फ बुदुल, महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव के साथ समिति के पदाधिकारियों ने सभी दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संघ के विभिन्न विषयों के साथ संवाद करने हेतु घर-घर सम्पर्क कर रहे हैं स्वयंसेवक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के 100 वर्ष 2 अक्टूबर 2025 को पूर्ण होने पर स्वयंसेवक प्रत्येक हिंदू परिवारो में संघ के विभिन्न विषयों के साथ संवाद करने हेतु कर रहे घर घर सम्पर्क । संघ के स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष का फोल्डर,पुस्तक, भारत माता का चित्र,स्टीकर आदि के सामग्री के साथ घर घर संपर्क कर रहे है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ जिले के 10 इकाइयों के 90 मंडल और 15 बस्ती में 5 नवम्बर से लगातार संपर्क साधना में लगा है। ये घर घर संपर्क साधना 30 नवम्बर तक संघ के स्वयंसेवकों के द्वारा चलने वाली है, ऐसी जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि घर घर संपर्क अभियान की जिला, खंड/नगर , मंडल/बस्ती और ग्रामध्मोहल्ले की संपर्क टोलिया इस हेतु लगातार कार्य कर रही है। नगर और खंडों में अंकित, सुमित, रवि आशीष, उमेश, रत्नेश, नीरज, चंद्रभूषण, मुकेश, सुनील, अजय प्रताप, शिवेन्द्र, कुलभाष्कार, चंद्र प्रताप, सुभाष, संजीव, पुनीत, पीसी दुबे, शारदा, अविनाश आदि नगर एवं खंड कार्यवाह तथा जगदम्बा, कृष्णदेव, दिनेश, केशव, क्षमा शंकर, रमापति, जनार्दन, संजय, कृपा शंकर, श्याम किशोर, अरुणेश, हरिशंकर आदि खंड संघचालक इस कार्य को योजनाबद्ध रूप से निरंतर समीक्षा कर रहे है।

# भक्ति और उल्लास से गूंजा केशवपुर, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** भक्ति और आस्था के वातावरण में शनिवार को लालगंज के अझारा वार्ड के केशवपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर निकली भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति गीत गाए तो पुरुषों ने जयघोष करते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया।कलश यात्रा केशवपुर से प्रारंभ होकर बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम तक गई। वहां आचार्य शिवानंद मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची, जहां कथा सोमवार से आरंभ की जाएगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखीं, लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अजमान गिरजा मिश्रा एवं हरिशंकर मिश्रा, प्रभावती मिश्रा एवं रमाकांत मिश्रा यज्ञ मंडप का पूजन अर्चन किया।कथा स्थल पर पहुंचने के बाद श्रीधाम अयोध्या से पधारे संत शरण त्रिपाठी जी महाराज ने वैदिक मंत्रों के बीच कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहाकृ ह्लभागवत कथा का श्रवण मनुष्य को परमात्मा के निकट लाता है। यह केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। जो व्यक्ति श्रद्धा से भागवत का श्रवण करता है, उसके जीवन में सद्भाव और सत्य का प्रकाश फैलता है। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र मिश्रा, सुनील शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, विशाल मूर्ति मिश्रा, कुसुम मिश्रा, राजनारायण, निर्मला, रविंद्र, अनीता, शिवकुमारी, सुधा, राकेश, रेखा, रामजी, शुभम, सूर्य प्रकाश सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भक्ति, आनंद और उल्लास की झलक दिखाई दी।

## कोलकाता की नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी ने जीती प्रतियोगिता

**लालगंज।** नगर के अझारा स्थित स्कूल में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल मुकाबले में कोलकाता की नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी विजेता बनी। भागवत समग्र विकास समिति अझारा, लालगंज एवं तारा देवी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट भेंभौरा लालगंज के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगी में स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। तारा देवी क्रिकेट एकेडमी अझारा द्वारा संचालित प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोलकाता से आई क्रिकेट टीम नेक्स्ट जनरेशन व तारा देवी क्रिकेट टीम अझारा के बीच खेला गया। जिसमें कोलकाता की नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट टीम विजेता बनी। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 50 ओवर के खेल गए मैच में तारा देवी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बैटिंग करते हुए 218 का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी नेक्स्ट जनरेशन एकेडमी कोलकाता की टीम ने 2 विकेट से जीत अपने नाम दर्ज की। मैन ऑफ द मैच प्रिंस को घोषित किया गया, जिसने 103 बॉल पर 120 रन बनाया। बेस्ट फील्डर सचिन शुक्ल, बेस्ट बॉलर कार्तिकेय पाण्डेय को घोषित किया गया। तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक समाजसेवी एवं सेवानिवृत आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्र, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा ने प्रतियोगिता में विजेता टीम को बधाई एवं प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच नारायण मुकेश, कोच एस.के. जावेद एवं राज सोनकर जी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके साथ आये अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन पर भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम त्रिपाठी, पं. नागेश दत्त पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, तारा देवी इंस्टीट्यूट एंड एजुकेशन के प्राचार्य श्री राहुल सिंह, मौलवी फरजंद अली कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य श्री शारदा प्रसाद विश्वकर्मा जी ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।


# संसद सत्र समयावधि घटाना मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक कदम : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद के आगामी सत्र संचालन की समयावधि घटाये जाने को लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता करार दिया है। उन्होने कहा कि एक दिसंबर से मोदी सरकार ने महज तीन सप्ताह का संसद सत्र आहूत कर महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा कराने को लेकर गैरजवाबदेही का परिचय दिया है। उन्होने कहा कि संसदीय परंपरा रही है कि संसद की कार्यवाही छ्ह सप्ताह हुआ करती थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इधर कई वर्षों से संसद का सत्र चार सप्ताह रहा है। उन्होने कहा कि चिंताजनक है कि इस बार मोदी सरकार ने हद लांघते हुए इसे महज तीन सप्ताह में सीमित कर दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री व मंत्रिमण्डल संसद के प्रति उत्तरदायी है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व जिम्मेदार केन्द्रीय मंत्री संसद की कार्यवाही में नजर नहीं आते। उन्होने कहा कि पीएम मोदी लोकतंत्र की परिपाटी और सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्वांत का घोर उल्लंघन कर रहे हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि संसद सत्र में विपक्ष लोकतंत्र में लोगों के वोट के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए एसआईआर पर मोदी सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करायेगा। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर, अमेरिकी टैरिफ, एच - वन बीजा, मंहगाई, कमजोर विदेश नीति जैसे ज्वलंत राष्ट्रीय मसलों पर संसद में चर्चा से बचने के लिए सत्र का समय घटाने का असंसदीय व गैर लोकतांत्रिक हथकंण्डा अख्तियार कर रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से जन्मों के पाप हो जाते है नष्ट : आचार्य श्रीकांत तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के बंसीपट्टी गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन आचार्य श्रीकांत तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के अनेक लीलाओं का बखान किया। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यजमान राम लखन मिश्र पत्नी लाल देई मिश्रा सहित कथा श्रवण कर रही हैं। आचार्य श्रीकांत तिवारी ने रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया तो श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि द्वापर में भगवान हरि ने कृष्ण के रूप में अवतार लेने के बाद पृथ्वी पर अत्याचारी अतताईयों का अंत किया, जिससे धरती इन पापियों से मुक्ति हुई। भगवान कृष्ण ने रुक्मणी से विवाह किया और मानव समाज को भी संदेश दिया। भागवत पंडाल में बैठे श्रोता रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर भाव विभोर हो गये। आचार्य ने बताया कि भागवत कथा श्रवण करने से जन्मों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए जहां भी श्रीमद् भागवत कथा चल रही हो वहां जाकर कथा सुननी चाहिए। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर पूर्व अमीन संघ अध्यक्ष पंडित चिंतामणि, रामराज मिश्र ,पंडित हंसराज मिश्र, राम अभिलाख मिश्र, शिवकुमार मिश्र, डॉ प्रदीप मिश्र, कुलदीप मिश्र, संदीप मिश्र, प्रकाश मिश्र, सहित क्षेत्र के सम्मानित सैकड़ो सनातनी भक्तगण मौजूद रहे।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिश से चलते युवक की पिटाई के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सांगीपुर थाना के नवहाजया निवासी शुभम जायसवाल पुत्र श्रीराम जयसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 8 नवंबर को रंजिशन सुबह 9 बजे गांव के अभिजीत सिंह पुत्र अरुण कुमार व एक अज्ञात ने उसके घर पर पहुँच कर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। आरोप है कि दोपहर 2 बजे के करीब वह सुख का पुरवा में ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गया था। इसी बीच आरोपी अभिजीत सिंह पुत्र अरुण कुमार, शिवम सत्यम पुत्र राम सजीवन जायसवाल ने लाठी डंडा से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जीवन का परम कर्तव्य है भगवान के दिव्य चरित्र का अनुसरण करना : ओमानंद महाराज

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** विकासखंड लक्ष्मणपुर के कोठार मंगोलपुर सगरा सुन्दरपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास ओमानंद महाराज ने बताया कि भगवान के अवतार हमें मानव जीवन जीने के आदर्शों की शिक्षा देते हैं।अवतारों के जन्म के समय में भी एक गहन आध्यात्मिक संकेत छिपा है। भगवान श्रीराम का जन्म ठीक दोपहर 12 बजे हुआ, जो प्रकाश, मयार्दा और स्पष्टता का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म ठीक मध्यरात्रि 12 बजे हुआ, जो गहनता, रहस्य और ज्ञान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि का अर्थ है अंक नौ का पूर्ण होना। इसका आध्यात्मिक तात्पर्य है कि जब जीवात्मा उस परमात्मा से मिलती है, तो वह भी पूर्ण और परिपूर्ण हो जाती है। कथा व्यास ने बताया कि प्रत्येक मानव के जीवन का परम और सर्वोपरि कर्तव्य यह है कि वह भगवान के दिव्य चरित्र का अनुसरण करे। भगवान के दैवीय गुणों को अपनाते हुए देवत्व को प्राप्त हो। कथाव्यास ओमानंद ने श्रद्धालुओं से कहा कि पवित्र कथाओं का श्रवण कर उसे आत्मसात करें और अपने भीतर की आसुरी वृत्तियों को जीवन से पूर्णतः निकाल दे।शुद्ध और चैतन्य भाव को प्राप्त कर हरि की शरण में जाकर जीवन को कृतार्थ करे। मुख्य आयोजक डॉ. हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके विश्वम्भर नाथ शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, उमेश शुक्ल, प्रतीक शुक्ल, शिवशंकर, रत्नाकर तिवारी, संजय शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# शादी के छठवें दिन ट्रेन के आगे कूद कर युवती ने कर ली आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मारधरा रेलवे क्रॉसिंग के पास बीती रात एक नव विवाहिता ने ट्रेन के आगे खुद कर आत्महत्या कर लिया है युवती की शादी में लगाया गया हल्दी मेंहदी और पैर का लाल रंग भी अभी नहीं छूटा है कि युवती की मौत हो गई घटना की जानकारी लोगों को हुई तो मामले की सूचना पुलिस को दी है सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और मृतक युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पूरी रात युवती के परिवार वालों को युवती की मौत की जानकारी नहीं मिल सकी है युवती की परिवार के लोगों को मौत की जानकारी सुबह मिली है उसके बाद युवती के परिवार के लोग पहुंचे हैं शादी के छठवें दिन युवती ने आत्महत्या क्यों की है यह चर्चा का विषय बना हुआ है 2 नवंबर 2025 को युवती की शादी हुई थी और चार दिन बाद वह 6 नवंबर को वापस अपने मायके पहुंची थी और मायके आने के बाद 8 नवंबर की रात में उसने आत्महत्या कर लिया है। जानकारी के मुताबिक रिंकी देवी उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्री सुभाष चंद्र निवासी पट्टी परवेज बाद बड़े गांव थाना संदीपन घाट की शादी 2 नवंबर 2025 को मलाक भारत सीरियावा में हुई थी और चार दिन बाद 6 नवंबर को उसके मायके के लोग उसे मायके बुला लाए थे उसके बाद शनिवार की रात 10 बजे घर से नाराज होकर वह निकल गई और मरधरा रेलवे लाइन के पास पहुंचकर तेज गति ट्रेन के सामने उसने छलांग लगा दिया जिससे नव विवाहिता की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी पुलिस को रात में लग गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने नव विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की सूचना युवती के परिवार वालों को सुबह मिली है युवती ने क्यों आत्महत्या किया है इस बारे में कोई भी जुबान खोलने को तैयार नहीं है हालांकि ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही है।

युवती की शादी में लगाया गया हल्दी मेंहदी और पैर का लाल रंग भी अभी नहीं छूटा था कि युवती की मौत हो गई



## सड़क पार कर रहा अधेड़ बाइक की टक्कर से घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कनवार मोड़ पर पैदल राहगीर को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे राहगीर गंभीर घायल हो गया।जानकारी के मुताबिक बड़कू सोनकर उम्र 45 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी कनवार कबाड़ खरीदकर परिजनों का भरण पोषण करता था आज शाम को साइकिल से कबाड़ लेकर घर जा रहा था कनवार मोड़ पर साइकिल खड़ी कर सड़क पार कर कुछ सामान खरीदकर वापस लौटने लगा तभी प्रयागराज की तरफ से फतेहपुर की ओर जा रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे कबाड़ी सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गया और बाइक सवार निकल गया मौके पर रहे राहगीरों ने एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया।



## साइकिल सवार बुजुर्ग को वाहन ने कुचला मौत

**कड़ा कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई मोड़ के पास रविवार दोपहर वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार वृद्ध छेदीलाल उम्र 62 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान बुजुर्ग की अस्पताल में मौत हो गई मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के गनपा महेशपुर निवासी छेदीलाल उम्र 62 वर्ष रविवार दोपहर करीब तीन बजे साइकिल से कल्यानपुर बाजार जा रहे थे जैसे ही वह ननमई मोड़ के पास पहुंचे हाईवे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची शहजादपुर चौकी पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।



## महिला उपरहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म कथा सुन झूमे श्रोता

**सराय अकिल कौशांबी।** विकासखंड कौशांबी के ग्राम पंचायत महिला उपहर में रामबरन त्रिपाठी एवं श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी के यहां चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया कथा के दौरान जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल खुशी से झूम उठा नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के नारों जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा कथा व्यास आचार्य बंसी नंदन राधे जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि त्राहि मच गई अत्याचार अन्य का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्री कृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संघार किया और पृथ्वी वासियों को राक्षसों से मुक्ति दिलाई इसी क्रम में कथा व्यास जी ने श्री कृष्णा बाल लीलाओं का भी बहुत ही मार्मिक वर्णन किया इस मौके पर अजय त्रिपाठी विजय त्रिपाठी अखिलेश द्विवेदी सतीश त्रिपाठी कमलेश द्विवेदी आशीष द्विवेदी सोनू त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला थाना में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

**कौशांबी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर महिला थाना कौशांबी में दिन रविवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनमानस को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ठअछरअ) तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ऊछरअ) की भूमिका एवं उनके माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई महिला थानाध्यक्ष श्रीमती नीलम राघव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना ही विधिक सेवा दिवस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि गरीब, असहाय, दिव्यांग, महिलाएँ और बच्चे जिन्हें न्याय प्राप्त करने में कठिनाई होती है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य कृष्णा कपूर ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है। उन्होंने महिला अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून और महिला सुरक्षा से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर महिला कांस्टेबलों ने जनसामान्य को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए विधिक साक्षरता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता, महिला कांस्टेबल तथा स्थानीय महिलाएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विवाहिता की हत्या करने वाले पति व ससुर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि में एक विवाहिता की हत्या उसके ससुरालियों ने कर दिया था मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवाहिता के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है और अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है बताया जाता है कि इमली गांव निवासी दीपा यादव उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्री उमाशंकर यादव की शादी ढाई वर्षो पूर्व मई 2023 में इसी थाना क्षेत्र के बेनीराम कटरा पुलिस चौकी अंतर्गत कटैनी गांव निवासी साहिल यादव पुत्र राम सिंह के साथ हुई थी दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता रहा मामला पुलिस की चौखट पर पहुंचा लेकिन पुलिस ने मामले में विवाहिता के ससुराल वालों पर कार्यवाही करने के लिए विवाहिता पर दबाव डाल करके उसे ससुराल भेज दिया था जहां उसकी हत्या हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में थाना सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दहेज हत्या के मामले में घटना के सिर्फ 24 घंटे के भीतर दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है गंभीर प्रकरण को संज्ञान लेते हुए थाना सराय अकिल पुलिस ने मु.अ.सं. 302/25 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। तत्पश्चात पुलिस टीम ने गांव कटैनी बेनीराम कटरा से दो अभियुक्तों राजकुमार उर्फ शाहिल यादव पुत्र रामसिंह वा रामसिंह यादव पुत्र स्व. गनेशीलाल को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों अभियुक्त दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायालय भेजा गया है।







## पिता की हत्या करने वाले दोनों बेटों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में 7 नवम्बर को दुर्गा प्रसाद निवासी मोहल्ला नेतानगर कस्बा व थाना करारी की हत्या उनके दो बेटों ने कर दी थी और वही अपने भाई ज्ञान सिंह पर प्राण घातक हमला किया था करारी थाना पर मु0अ0सं0 364/25 धारा 105/115(2)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत हुआ पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना करारी पुलिस को निर्देशित किया गया। विवेचना के क्रम में 09.11.2025 को थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पिता की हत्या करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों विमलेश कुमार वा विरेन्द्र कुमार पुत्रगण दुर्गाप्रसाद नि0 मु0 नेतानगर कस्बा व थाना करारी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों की निशां देही पर आला कत्ल दो अदद लकडी के डण्डों को बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

# ध्वनि मर्यादा स्थापित कौशांबी पुलिस का ऑपरेशन साइलेंस मस्जिदों से उतरे अवैध लाउडस्पीकर

अखंड भारत संदेश

**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा में ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने और उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों का अक्षरश पालन सुनिश्चित करने के लिए कौशाम्बी पुलिस ने कड़ा धाम थाना क्षेत्र में एक निर्णायक अभियान चलाया है पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के सख्त निर्देश में कड़ाधाम थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पांडे के नेतृत्व वाली टीम ने रविवार को दर्जनभर गांवों में मस्जिदों से नियम विरुद्ध लगे। लाउडस्पीकर हॉर्न हटाकर कानून का राज स्थापित किया इस ऑपरेशन साइलेंस ने क्षेत्र में शांति और व्यवस्था को सुदृढ़ किया है पुलिस टीम ने देवीगंज औरेनी कमलापुर गिरधरपुर गढ़ी सहित विभिन्न ग्रामों में औचक निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पांडे ने पुष्टि की है कि इस निरीक्षण के दौरान कुल छह मस्जिदों में बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के तेज ध्वनि वाले लाउडस्पीकर लगे पाए गए जिन्हें तत्काल प्रभाव से उतरवा लिया गया उन्होंने कहा कि हमने 6 मस्जिदों से बिना अनुमति के लगे लाउडस्पीकर हॉर्न हटवाए हैं। हमारा उद्देश्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाना



नहीं बल्कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए शासन की निर्धारित सीमा का अनुपालन कराना है त्रिलोकी नाथ पांडे थानाध्यक्ष कड़ाधाम पुलिस ने केवल नियम विरुद्ध लाउडस्पीकर हटाने तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रखी जिन मस्जिदों को प्रशासन से लाउडस्पीकर उपयोग की अनुमति प्राप्त है उनके इमामों और मौलानाओं के साथ सौहार्दपूर्ण वार्ता की गई उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित ध्वनि सीमा डेसीबल के भीतर ही लाउडस्पीकर का उपयोग करें ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे पुलिस की इस सक्रिय और पारदर्शी कार्यवाही से पूरे थाना क्षेत्र में एक सकारात्मक हड़कंप का माहौल रहा आमजन ने प्रशासन के इस कदम की एक स्वर में सराहना की और इसे कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अत्यंत आवश्यक और सकारात्मक पहल बताया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि नियम सभी धार्मिक स्थलों के लिए समान हैं और उनका सम्मान करना अनिवार्य है थानाध्यक्ष ने आम जनता से अपील की है कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखें उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है और आपकी एक सूचना पर सहायता के लिए तुरंत पहुँचेगी।

## विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं ने जिले के विभिन्न स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कौशांबी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिला द्वारा रविवार को (स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट) के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर संडे फॉर सोसाइटी के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस क्रम दारानगर के कार्यकताओं ने कड़ा धाम मां गंगा के तट पर कुबरी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया वही मंझनपुर नगर के कार्यकताओं ने संडे फॉर मंझनपुर के अंतर्गत रविवार को मंझनपुर पार्क में स्वछता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। चायल नगर के कार्यकताओं ने संडे फॉर सोसाइटी के अंतर्गत चायल तहसील परिसर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर समाज में प्लास्टिक मुक्त का संदेश दिया इस दौरान दारानगर के कार्यक्रम में नगर मंत्री विराट भट्ट, तहसील सहसंयोजक पवन भट्ट, सह मंत्री गौरव ,समाजसेवी विनय पांडेय ,मीडिया संयोजक दीपांशु, आशुतोष विश्वकर्मा ,अनमोल सिंह, अमन गुप्ता उपस्थित रहे मंझनपुर नगर के कार्यक्रम में तहसील संयोजक सुशील सोनकर, नगर सह मंत्री कृष्णा ,अनिरुद्ध गौतम ,आर्यन ठाकुर, विराग वर्मा, उमाशंकर विष्णु सेन ,अरुण, विनय प्रीतम उपस्थित रहे। वही चायल नगर के कार्यक्रम में तहसील संयोजक प्रशांत मणि पांडेय नगर मंत्री शौर्य पाण्डेय सूरज सिंह युवराज ,शांतनु शुक्ला वैभव साहू निखिल सिंह, सुशांत दिवाकर आदि कार्यकताओं ने सहभाग किया । जिला संगठन मंत्री अश्विनी सिंह ने कहा यह राष्ट्र हित एवं समाज हित का कार्य है।

## थानों और चौकियों में झलकी स्वच्छता ही सेवा की भावना

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रविवार को जनपद के सभी थानों, पुलिस चौकियों और कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने थाना परिसरों, कार्यालय भवनों, अभिलेख कक्षों, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, आवासीय परिसर और शौचालयों की साफ-सफाई की। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ बनाया और कूड़ा-करकट का निस्तारण कर ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न का संदेश दिया इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन साफ-सफाई बनाए रखेंगे और स्वच्छ वातावरण में कार्य करेंगे। साथ ही आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और प्रेरित करने की अपील की गई।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है, इसलिए थाना परिसरों को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### न्यूज झरोखा

## पूर्व सैनिक सूबेदार जय नारायण मिश्रा के छोटे भाई को अर्पित की श्रद्धांजलि



**कौशांबी।** चायल तहसील के इमली गांव में सूबेदार जय नारायण मिश्रा साहब के छोटे भाई केश नारायण मिश्रा का लम्बी बीमारी के कारण दिनांक 28 अक्टूबर को लखनऊ में स्वर्गवास हो गया था जिसका त्रोदशाह संस्कार दिनांक 9 अक्टूबर को आयोजित हुआ जिसमें पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया के साथ जनपद के कई पूर्व सैनिक सूबेदार जय नारायण मिश्रा के घर पहुंच कर उनके छोटे भाई केश नारायण मिश्रा को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया जिसमें पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया हवलदार वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी हवलदार सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी नायक विद्या कांत पांडे हवलदार शीतला प्रसाद शुक्ला हवलदार शिव भवन मिस्त्र सूबेदार चंद्र भान मिश्रा प्रेम नारायण मिश्रा श्री नारायण मिश्रा धनंजय कुमार मिश्रा अश्वनी कुमार मिश्रा दिलीप कुमार मिस्त्र अनूप कुमार मिश्रा अरविंद कुमार मिश्रा श्याम नारायण मिस्त्र अमरेश कुमार मिस्त्र साहित अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## समरसेबल के विद्युत खंभे में उतरे करंट से झुलसा किसान

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिद नपुर ग्राम पंचायत के साईं का पूरा माजरा में किसान कल्लू पासी उम्र 45 वर्ष पुत्र पंछी पासी अपने खेत की फसल में नलकूप से सिंचाई कर रहा था इसी बीच अचानक समरसेबल के बिजली सप्लाई के लिए गए विद्युत खंबे में करंट उतर आया जिससे किसान विद्युत करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया है जैसे ही किसान तड़पने लगा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना परिवार को दी और विद्युत करंट से झुलसे किसान को इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां हालत में सुधार न होने पर उसे नारायण स्वरूप अस्पताल भेज दिया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है एक बार फिर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है जिसका खामियाजा किसान को भुगतना पड़ा है।

# सरकारी खजाने से बजट निकल गया मौके पर नहीं बनाई गई सड़क

नहर विभाग की भ्रष्टाचारी के चलते नही बनी दो सौ मीटर सड़क

सड़क में जानलेवा गड्ढा होने के चलते राहगीर व ब्यापारी गिरकर होते हैं चोटिल

अखंड भारत संदेश

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले मे भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गड्ढा मुक्त सड़कों का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन यहां की सड़कें अभी भी गड्ढा युक्त जैसे के तैसे पड़ी रह जाती है सरकारी खजाने से बजट निकल जाता है लेकिन सड़के मौके पर नहीं बनाई जाती हैं और उसके बाद झूठी सूचना सरकार को भेज दी जाती है अधिकारियों ने भ्रष्टाचार कर आधी अधूरी सड़क को बनाकर छोड़ दिया जाता है और हेरा फेरी कर सरकार से पैसा पास करवा लिया जाता है किस विभाग ने सड़क बनाई है और किस विभाग के अधिकारियों ने बिना सड़क बनाए रकम निकल लिया है यह जांच का विषय है लेकिन वर्षों बीत गए हैं अभी तक तो मामले की ना तो जांच हुई



है ना दोषियों पर मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी हुई जिससे लचर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ से लोधउर बाजार तक वाया तिलगोड़ी आलमपुर मार्ग को बीते वर्ष नहर विभाग के द्वारा बनाया गया था जो लोधउर गांव के बाहर गैस एजेन्सी के पास महज लगभग दो सौ मीटर सड़क बनाने के लिये नहर विभाग के पास बजट नही था या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई जो आज तक वैसे ही पड़ी रह गई जिस पर आये दिन कोई न कोई राहगीर अथवा ब्यापारी गिरकर चोटिल होते रहते हैं जब कि इस लोधउर बाजार जाने का मेन मार्ग है जिसमे आलमपुर बरेठी पेरवा लोधउर तिलगोड़ी व अन्य गांव के ग्रामीण व ब्यापारी आते जाते हैं और गैस एजेन्सी भी है जो गैस सिलेण्डर लेकर बुजुर्ग अथवा छोटे बच्चे आते जाते हैं और गिरते रहते हैं जिसको बार बार शिकायत के बाद भी नही बनाई जाती जिससे साफ जाहिर होता है कि नहर विभाग की भ्रष्टाचारी चरम पर है नवागत जिलाधिकारी डॉ अमित पाल ने सभी विभागों के अधिकारियों निर्देश दिया है कि जल्द सड़कों को गड्ढा मुक्त करें क्या निर्देशों का पालन करते हुए आधिकारी अधूरी पड़ी सड़क को बनाकर पालन करेंगे या फिर सड़क अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहाती रहेगी और लोग गिरकर चोटिल होते रहेंगे।

## मरहूम अनीश चाचा के ईसाल ए सवाब के लिए फातिहा का आयोजन




**भरवारी कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के देवीगंज बाजार के भोला चौराहे पर रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मरहूम अनीश चाचा को लोगों ने याद कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है इस मौके पर मरहूम अनीश चाचा के ईसाल ए सवाब के लिए फातिहा का आयोजन किया गया इस मौके पर जनसत्ता दल पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार मोहम्मद यासीन,अजीजुल भाई,डॉ पी के सिंह, लल्लू सिद्दीकी,पप्पू भाई आदि लोग मौजूद रहे। ईसाल-ए-सवाब के लिए फातिहा का आयोजन एक धार्मिक प्रथा है जिसमें अनीश चाचा की आत्मा की शांति के लिए कुरान की आयतें और विशेष प्रार्थनाएं पढ़ी गई हैं। इस आयोजन में फातिहा कुरान का पहला अध्याय, सूरह इखलास, दुरूदे शरीफ और अन्य कुरान की आयतें पढ़ी गई हैं और फिर मरहूम अनीश चाचा को सवाब (पुण्य) पहुंचाने के उद्देश्य से दान वा भोजन बाटा गया है सबसे पहले,तीन,पांच या सात बार दुरूदे शरीफ पढ़ें गए फिर कुरान का पाठ=फिर सूरह अल-फातिहा सूरह अल-इखलास, सूरह अल-काफि रून आदि, उनका पाठ किया गया इसके बाद भोजन दान खाना या अन्य चीजें गरीबों और जरूरतमंदों में बांट दिया गया है।

## सम्पादकीय

### राहुल की प्रेस कांफ्रेंस यानी बिहार में हार की पेशबंदी

**राहुल गांधी** के वोट चोरी पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अुनसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान से एक दिन पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर हरियाणा में डुप्लिकेट वोटर्स से लेकर बल्क वोटर्स तक, कैटेगरी वाइज आंकड़े भी बताए हैं। इससे पहले भी राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा उठा चुके हैं। लेकिन वो चुनाव आयोग में शपथ पत्र देकर शिकायत और अदालत का दरवाजा नहीं उठाते हैं। बस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बेबुनियाद आरोप और दावे करते रहते हैं। असल में पटना से करीब 1100 किलोमीटर दूर जब राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग के किस्से सुना रहे थे तब ऐसा लग रहा था मानो वो बिहार में महागठबंधन की होने वाली हार के लिए पेशबंदी कर रहे हैं।

राहुल गांधी के वोट चोरी पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अुनसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई।

राहुल गांधी के इस दावे को लेकर काफी विवाद हो रहा है। इनमें भी सबसे बड़ा विवाद तो ये है कि राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि जिन 22 वोटर कार्ड पर एक ही मॉडल ही तस्वीर है, उन वोटर कार्ड से चुनावों में वोट डाले गए हैं। ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जिस वोटर लिस्ट को दिखाकर ये पूरा दावा कर रहे हैं, वो वोटर लिस्ट मतदान के बाद की नहीं बल्कि मतदान से पहले की है। सोचिए मतदान से पहले की वोटर लिस्ट से राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि इन वोटर कार्ड से चुनावों में वोटिंग भी हुई। मीडिया की पड़ताल में राहुल गांधी के दावे झूठे साबित हुए।

सवाल यह भी है कि अगर कोई गड़बड़ी थी तो कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स ने संशोधन के दौरान एक ही नाम की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के लिए कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की? वहीं अगर कई नामों के दोहराव से बचना था, तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार और हरियाणा दोनों में कांग्रेस के बूथ एजेंटों ने संशोधन के दौरान दोहराए गए नामों को लेकर कोई दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की। वही सवाल यह भी है कि वोटर लिस्ट चुनाव से पहले उपलब्ध होती है। अगर कोई नाम छूट गया है, तो उसे जुड़वाने की व्यवस्था होती है।

# नौकरशाही को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार का कीड़ा

**जगदीश रत्तनानी**

**स्वतंत्रता** और अखंडता मिथक बन गए हैं। स्वाभिमान का न होना ही आदर्श हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप को रोकने के लिए अक्सर सुना जाने वाला रोना एक समूह के लिए अर्थहीन साइडबार है जिनकी पहचान आत्म-संरक्षण के लिए झुकना और पहला अवसर मिलते ही शोषण करना है। अभी तक आया अनुभव इस पनपने वाली सड़ांध की पुष्टि करता है।

पंजाब में पुलिस के एक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला एक ही समय में दुस्साहस, घृणित और वीभत्सता का प्रतीक है। जिस नौकरशाही को कभी 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा जाता था, उसमें एक अधिकारी की इस तरह की लूट और उसका शीर्ष पद पर सामान्य काम-काजी जीवन व्यतीत करना नौकरशाही के भीतर पतन और इसके सामान्यीकरण की सीमा को दशार्ता है। ऐसा संभव नहीं है कि इस अधिकारी का अत्यधिक लालच उनके साथियों और सरकार को मालूम न हो लेकिन इससे पता चलता है कि बल में पथभ्रष्टता को किस हद तक स्वीकार किया जाता है। आरोपी आईपीएस अधिकारी हरचरण सिंह भुल्लर की हिरासत के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के सतर्कता ब्यूरो (विजिलेंस ब्यूरो) के बीच टकराव के कारण मामला और जटिल हो गया। भुल्लर के यहां से 7.5 करोड़ रुपये की नकदी, लग्जरी कारों का संग्रह, 2.5 किलोग्राम वजन के सोने के आभूषण, 26 लग्जरी घड़ियां और परिवार के सदस्यों और संदिग्ध बेनामी संस्थाओं के नाम पर लगभग 50 अचल संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। एक तरह से यह लूट का खुला मामला है लेकिन दूसरे स्तर पर सीबीआई व राज्य के बीच की खींच-तान एक गहरी सड़ांध, संबंधों की जटिलता और राजनीतिक निहितार्थ के उद्देश्यों की ओर इशारा करती है। इस केस में जो कुछ भी सामने आता है, वह अलग बात है लेकिन सीबीआई के खिलाफ पहले से ही मिले सभी सबूतों के मद्देनजर अपना बचाव करने के लिए भुल्लर को कड़ी मेहनत करनी होगी। इन सबूतों में एक वॉयस कॉल भी शामिल है जिसमें आरोपी अपने बिचौलिए को दी गई रिश्वत के बारे में आगे के कदमों पर चर्चा करता है।

यह मामला असामान्य तो है किन्तु अनोखा नहीं। नौकरशाही अपने कई लोगों की रक्षा करती है। उसके बाद भी नियमित अंतराल पर घोटाले सामने आते हैं जिससे समय-समय पर झटके लगते हैं जो हमें बताते हैं कि भ्रष्टाचार भारतीय समाज में स्थायी रूप से है और नौकरशाही में पनपता है। यह बीमारी जटिल है और विभिन्न रूपों और अंदाजों में आती है तथा संरक्षण की राजनीति से प्रेरित है। रिश्वतखोरी, भ्रष्ट प्रथाओं के बड़े कैनवास का एक हिस्सा है जिसमें (विशेष रूप से वर्तमान भारतीय संदर्भ में) क्रोनिज़्म, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग या विशिष्ट रूप से धन का प्रयोग शामिल हैं जिन्हें 'विलफुल डिफॉल्ट' कहा जाता है।

फिर भी सिस्टम की जटिलता की वजह से बीमारी को अनियंत्रित रूप से जारी रखने की अनुमति देने का कोई कारण नहीं है। आईआईएम कोलकाता में मैनेजमेंट सेंटर फॉर ह्यूमन वैल्यूज के संस्थापक और दिवंगत शिक्षाविद एसके चक्रवर्ती ने 1997 में एक पेपर में 'घोर भ्रष्टाचार' और 'सूक्ष्म अनैतिकता' के बीच अंतर के बारे में बात की थी। अगर 'सूक्ष्म अनैतिकता' को पहचानना और लड़ना चुनौतीपूर्ण है, तो 'घोर भ्रष्टाचार' को आसानी से देखा जा सकता है और वह सजा पाने का हकदार है। यदि भ्रष्टाचार ग्रीक पौराणिक कथाओं वाला 'बहुत से सिरों वाला राक्षस' है तो पहले



कौन सा सिर काटा जाए, इस बात पर चर्चा करने से अधिक महत्वपूर्ण है कि जो सिर स्पष्ट दिखाई दे रहा है उसे पहले काटा जाए। मजबूत कदम उठाने की अनिच्छा गहरी निराशा और असहायता की भावना को जन्म देती है। चक्रवर्ती ने कहाः 'क्या हम एक बीमार और निराश समाज की ओर बढ़ रहे हैं? भले ही भौतिक समृद्धि में वृद्धि हो पर क्या आने वाली पीढ़ियां इस तरह की विरासत के लिए आभारी होंगी?' बेशक, अधिकांश भारतीयों की भौतिक समृद्धि में वृद्धि नहीं हुई है। उदारीकरण के पक्ष में कुछ प्रमुख तर्क, कि भ्रष्ट लाइसेंस-परमिट-राज को ध्वस्त कर दिया जाएगा और बाजार के कब्जे में आने पर भ्रष्टाचार को अपने आप रोक दिया जाएगा- खोखले साबित हुए हैं। घोर भ्रष्टाचार अपने स्थान पर ही जमा हुआ है। राष्ट्र पर एक व्यापारिक-राजनीतिक आधारित भ्रष्टाचार के सूक्ष्म रूप का बोझ और अधिक है जो राज्य के संसाधनों को लूटता है तथा आम आदमी की कीमत पर नियमों को झुकाता है।

यह तर्क देना आसान है कि पंजाब के डीआईजी का मामला और भ्रष्टाचार के अन्य सनसनीखेज मामले प्रणाली का एक छोटा सा हिस्सा हैं जो दूसरे तरीके से काम करते हैं। उस आत्मसंतोष को खरीदना उस तबाही के प्रति आंखें बंद करना है जिसे दूसरों ने 'भारतीय लोकतंत्र का अभिशाप' कहा है। आईएएस और आईपीएस कैडर सहित देश की शीर्ष रैंक वाली नौकरशाही की भर्ती करने वाले संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में 100 साल पूरे किए हैं। इस आयोग को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के इस कथन पर विचार करना चाहिए कि, 'लोक सेवा आयोग का कार्य उन लोगों को चुनना है जो सार्वजनिक सेवा के लिए उपयुक्त हैं'।

क्या भर्ती प्रक्रिया गलत है या सिस्टम के पास नए अधिकारियों को अपने क्लब में शामिल करने का एक तरीका है? इनमें से कुछ कठिन प्रश्न हैं जिनका हल नहीं निकल सकता जब तक कि यूपीएससी योग्यता के अर्थ पर गहरे सवाल उठाने के बजाय नए लोगों के साथ जश्न के मूड में होता है। इस योग्यता का मूल्यांकन कैसे किया जाता है या तेजी से बदलते परिवेश में इसकी पुरानी दुनिया की परीक्षण प्रणालियों की अर्थहीनता दिखाई देती है। अधिकारियों की नियुक्ति की शर्तें अपने आप में आरामदायक और गैर-मांग वाली हैं। वे क्लब की जीवन भर की सदस्यता की मानसिकता को प्रोत्साहित करते हैं जिससे बेदखल करना मुश्किल है।

प्रणाली उन उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करती है जो सरकार में उच्चतम स्तर पर नियुक्तियों के साथ आने वाले भत्ते, जीवन भर रोजगार के सुरक्षा जाल एवं विशेषाधिकारों की एक विस्तृत श्रृंखला को पसंद करते हैं तथा डॉ. अम्बेडकर ने जिस जिज्ञासा, रचनात्मकता और सार्वजनिक सेवा के विचार की बात कही थी उसको अनदेखा करते हैं। यह तर्क देना संभव है कि प्रशासनिक सेवा सभी गलत कारणों से उम्मीदवारों को आकर्षित करती है ताकि उनका पूल अपने आप में एक प्रकार का भ्रष्टाचार हो। प्रशासनिक सेवाओं के स्तर में गिरावट का एक वैध कारण राजनीतिक हस्तक्षेप है पर जब मुठभेड़ के नाम पर की गई हत्याओं, बुलडोजर न्याय या वास्तव में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और योगेंद्र यादव जैसे स्वतंत्र पर्यवेक्षकों द्वारा कथित चुनाव आयोग के गंभीर उल्लंघनों के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठाई जाती है तो समग्र रूप से नौकरशाही के चरित्र पर भी सवाल उठता है। इसके बजाय आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कु मार के बचाव में आना उचित समझा जबकि 2019 में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को क्लीन चिट देने का विरोध करने वाले चुनाव आयुक्त अशोक लवासा के मामले में एसोसिएशन चुप रहा और उन्हें अपने परिवार के सदस्यों को आयकर नोटिस के साथ निशाना बनाते देखा। लवासा उच्च सत्यनिष्ठा वाले एक दुर्लभ अधिकारी थे। स्वतंत्रता और अखंडता मिथक बन गए हैं। स्वाभिमान का न होना ही आदर्श हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप को रोकने के लिए अक्सर सुना जाने वाला रोना एक समूह के लिए अर्थहीन साइडबार है जिनकी पहचान आत्म-संरक्षण के लिए झुकना और पहला अवसर मिलते ही शोषण करना है। अभी तक आया अनुभव इस पनपने वाली सड़ांध की पुष्टि करता है।

# सर्वोच्च न्यायालय में फिर से मंडरा रहा है बेंच

**के रवींद्रन**

**मुख्य** न्यायाधीश का आक्रोश एक आंतरिक दुविधा को भी दशार्ता है। वह है राजनीतिक टकराव की स्थिति में आए बिना संस्था को सूक्ष्म घुसपैठ से कैसे बचाया जाए। न्यायपालिका को सरकार के साथ खुले टकराव में उतरे बिना अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सावधानी से कदम उठाने चाहिए। लेकिन चुप्पी की भी कीमत चुकानी पड़ती है। जब पीठों को स्थानांतरित करने या उनका विस्तार करने के प्रयासों को चुनौती नहीं दी जाती।



मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई द्वारा केंद्र सरकार को 'बेंच हंटिंग' के प्रयास के लिए कड़ी फटकार लगाने से न्यायिक स्वतंत्रता और भारत के शीर्ष न्यायालय पर कार्यपालिका के प्रभाव को लेकर एक पुरानी और असहज बहस फिर से शुरू हो गई है। इसकी तात्कालिक वजह सरकार की वह मांग थी जिसमें उसने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के अंतिम चरण में पहुंच चुके एक मामले को पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी। समय और योजना के मद्देनजर यह कदम मुख्य न्यायाधीश को अपनी पीठ के फैसले से बचने की कोशिश के रूप में प्रतीत हुआ, जिसने उस प्रवृत्ति को और पुष्ट किया जो वर्षों से न्यायालय को परेशान करती रही है। वह है शक्तिशाली वादियों द्वारा न्यायपालिका को प्रभावित करने का प्रयास कि कौन से न्यायाधीश किस मामले की सुनवाई करेंगे।

बेंच हंटिंग, एक ऐसी प्रथा रही है जो जितनी सूक्ष्म है उतनी ही विनाशकारी भी। यह न्याय के इस मूल सिद्धांत को कमजोर करती है कि कानून को सत्ता के प्रति 'अंधा' होना चाहिए। अपने सबसे निंदनीय रूप में, यह असुविधाजनक या स्वतंत्र विचारों वाली समझी जाने वाली बेंचों को दरकिनार करने और कार्रवाई को उन बेंचों की ओर मोड़ने का प्रयास करती है जो अधिक अनुकूल समझी जाती हैं। हालांकि अदालत के गलियारों में इस बारे में लंबे समय से चर्चा होती रही है, न्यायमूर्ति गवई की टिप्पणी ने इस मामले को फिर से खुलकर सामने ला दिया है। इस बार इसके पीछे मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय का जोर है। उनके शब्द न केवल प्रक्रियात्मक पैंतरेबाजी से बल्कि एक बार-बार होने वाले पैटर्न से भी निराशा दशार्ते हैं जो न्यायपालिका की संस्थागत विश्वसनीयता पर संदेह पैदा करता है।

इस आदान-प्रदान का संदर्भ महत्वपूर्ण है। विचाराधीन मामला न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम की संवैधानिक वैधता से संबंधित है, एक ऐसा कानून जिसकी अर्ध-न्यायिक निकायों में नियुक्तियों और सेवा शर्तों पर कार्यपालिका को व्यापक अधिकार देने के लिए आलोचना की जाती है। पीठ इस मामले की गहन जांच कर रही है, और याचिकाकताओं द्वारा अपनी दलीलें पूरी करने के बाद सरकार के अनुरोध के समय ने लोगों को चौंका दिया। मुख्य न्यायाधीश को यह एक ऐसे नतीजे को पटरी से उतारने या विलंबित करने का प्रयास लगा जो शायद सरकार को पसंद न हो। इसलिए, उनकी प्रतिक्रिया न केवल न्यायिक स्वायत्तता का बचाव थी, बल्कि उन सीमाओं की भी याद दिलाती थी जो कार्यपालिका और न्यायपालिका को अलग करती हैं। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की चिंताएं सार्वजनिक हुई हैं। इस मुद्दे ने पहली बार जनवरी 2018 में राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया था जब सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठ न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर, न्यायमूर्ति रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर और न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ - ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा द्वारा मामलों के मनमाने आवंटन का विरोध करने के लिए एक असाधारण प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उनकी शिकायत थी कि सरकार से जुड़े मामलों को चुनिंदा रूप से 'पसंदीदा पीठों' को सौंपा जा रहा है। वह क्षण अभूतपूर्व था। इससे पहले कभी भी कार्यरत न्यायाधीशों ने सार्वजनिक रूप से अपनी ही संस्था के आंतरिक कामकाज की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाया था। इसने न्यायालय के भीतर गहरी दरारों को उजागर किया। उन्होंने एक संरचनात्मक समस्या को उजागर किया जो तब से चली आ रही है- वह अस्पष्ट तरीका जिससे मुख्य न्यायाधीश, 'रोस्टर के मास्टर' के रूप में, पीठों को मामले सौंपते हैं। चेलमेश्वर प्रकरण से संरचनात्मक सुधार तो नहीं हुआ, लेकिन इसने एक स्थायी चेतावनी का निशान जरूर छोड़ा। उस समय व्यक्त की गई चिंताएं आज के माहौल में भी गूंजती हैं, बस फर्क इतना है कि अब आरोप बाहरी तौर पर, सरकार पर ही, प्रक्रियागत मांगों के ड्डारिए न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश करने के लिए निर्देशित हैं। मुख्य न्यायाधीश गवई की हताशा इस बढ़ती धारणा को दशार्ती है कि कार्यपालिका का हस्तक्षेप अधिक परिष्कृत हो गया है, जो प्रत्यक्ष दबाव पर कम और समय खरीदने, पीठों को बदलने, या न्यायिक परिदृश्य को बीच में ही बदलने के लिए डिजाइन की गई प्रक्रियात्मक युक्तियों पर अधिक निर्भर करता है। जब कार्यपालिका द्वारा बेंच हंटिंग की जाती है, तो यह न केवल एक नैतिक चूक है, बल्कि एक संवैधानिक अपमान भी है। भारत के संस्थापक चार्टर में निहित शक्तियों का पृथक्करण, सरकार की प्रत्येक शाखा द्वारा दूसरे की अधिकार-सीमाओं का सम्मान करने पर निर्भर करता है। कार्यपालिका द्वारा किसी पीठ की संरचना को प्रभावित करने का प्रयास न्यायपालिका की स्वतंत्रता को भीतर से ही नष्ट करना है। ऐसा हर कदम सार्वजनिक जीवन में न्यायालय के अधिकार को बनाए रखने वाली तटस्थता की धारणा को कमजोर करता है। भले ही कोई औपचारिक कदाचार सिद्ध न हो, लेकिन हेरफेर का आभास मात्र न्याय प्रणाली में विश्वास को नुकसान पहुंचा सकता है। न्यायाधीशों को राजनीतिक या संस्थागत प्रभाव से मुक्त रखने का सिद्धांत लोकतांत्रिक वैधता के मूल में है। जब वादी, विशेष रूप से राज्य की शक्ति का प्रयोग करने वाले, अपने पसंदीदा परिणामों के अनुरूप प्रक्रियात्मक कदम उठाते देखे जाते हैं, तो यह इस बारे में संदेह पैदा करता है कि क्या न्यायालय वास्तव में कार्यपालिका की अतिरेक पर अंकुश लगाते हैं। इसलिए न्यायमूर्ति गवई की यह स्पष्ट टिप्पणी कि सरकार 'उनकी पीठ से बचने के लिए उत्सुक' प्रतीत होती है, कोई आकस्मिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि एक सार्वजनिक संकेत था कि इस तरह के आचरण को अनदेखा नहीं किया जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि न्यायालय के भीतर भी, इस बात की जागरूकता है कि राज्य द्वारा किए जाने वाले व्यवहार के पैटर्न न्यायिक स्थान पर चुपचाप अतिक्रमण कैसे कर सकते हैं। इस क्षण को विशेष रूप से संवेदनशील बनाने वाली बात यह है कि यह समकालीन भारत में न्यायपालिका और सरकार के बीच संतुलन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है। पिछले एक दशक में, कई उच्च-दांव वाले संवैधानिक मामलों- चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने से लेकर संघीय नियुक्तियों से जुड़े मामलों तक- में देरी, स्थगन या अंतिम समय में प्रक्रियात्मक विचलन देखा गया है। इनमें से कई मामलों में, आलोचकों ने सरकार पर रणनीतिक बाधा डालने का आरोप लगाया है। यह धारणा कि कार्यपालिका गुण-दोष पर बहस करने के बजाय, प्रक्रियात्मक साधनों के माध्यम से जवाबदेही को प्रबंधित या विलंबित करने का प्रयास कर रही है, संस्थागत बेचैनी की कहानी को और बल देती है। यहां दांव पर केवल एक मामले के परिणाम से कहीं अधिक है। सर्वोच्च न्यायालय की विश्वसनीयता न केवल उसके निर्णयों पर, बल्कि उसकी प्रक्रियाओं की अखंडता पर भी निर्भर करती है। न्यायालय संवैधानिक सीमाओं का अंतिम निर्णायक है, और इसकी ताकत जनता के इस विश्वास में निहित है कि वह उन लोगों से स्वतंत्र रूप से कार्य करता है जिनका न्याय करने के लिए उसे बुलाया जाता है। प्रत्येक प्रकरण जो इसके विपरीत संकेत देता है- चाहे वह 2018 में मुख्य न्यायाधीश द्वारा कथित पीठ हेरफेर के माध्यम से हो या अब कार्यपालिका पीठ शिकार के आरोपों के माध्यम से- उस विश्वास को उत्तरोत्तर कमजोर करता है।

मुख्य न्यायाधीश का आक्रोश एक आंतरिक दुविधा को भी दशार्ता है। वह है राजनीतिक टकराव की स्थिति में आए बिना संस्था को सूक्ष्म घुसपैठ से कैसे बचाया जाए। न्यायपालिका को सरकार के साथ खुले टकराव में उतरे बिना अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सावधानी से कदम उठाने चाहिए। लेकिन चुप्पी की भी कीमत चुकानी पड़ती है। जब पीठों को स्थानांतरित करने या उनका विस्तार करने के प्रयासों को चुनौती नहीं दी जाती, तो वे एक ऐसी संस्कृति को सामान्य बना सकते हैं जहां शक्तिशाली वादी यह मान लेते हैं कि वे न्यायिक प्रक्रिया को अपने फायदे के लिए ढाल सकते हैं। इस प्रथा का सार्वजनिक रूप से विरोध करके, न्यायमूर्ति गवई ने इस सामान्यीकरण को बर्दाश्त करने से इनकार करने का संकेत दिया है।

# रचनात्मकता की मिसाल है लायब्रेरी

**बाबा मायाराम**

**इस** पूरी पहल से बच्चे एक-दूसरे से सीख रहे हैं, किताबों की दुनिया से परिचित हो रहे हैं, चित्र बनाना सीख रहे हैं, उनमें रंग भर रहे हैं, पढ़ना-लिखना सीख रहे हैं, बच्चों में पढ़ने के प्रति रूचि बढ़ी है और लायब्रेरी के रूप में ऐसा स्थान उपलब्ध हुआ है जहां वे एक साथ बैठ सकते हैं, खेल सकते हैं, कुछ सृजन कर सकते हैं। कभी-कभी किताबों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसा स्थान लायब्रेरी के पहले उपलब्ध नहीं था।



मध्यप्रदेश के हरदा शहर में एक सचल पुस्तकालय है, जो गरीब बस्तियों में चलता है। हालांकि यह बहुत छोटी पहल है, पर कई सालों से चल रही है। मैं इसे देखने के लिए दो-तीन बार गया हूं। आज इस लायब्रेरी की कहानी बताना चाहूंगा। किताबों से मेरा जुड़ाव लायब्रेरी के माध्यम से ही हुआ। हमारे गांव में स्थित स्वयंसेवी संस्था किशोर भारती में भी बहुत ही अच्छी लायब्रेरी थी। वहीं मैंने किताबों को उलटना-पलटना सीखा। वहीं किताबों की दुनिया से जुड़ा। इसके बाद इन्दौर नई दुनिया में जब मैंने काम शुरू किया, तो वहां भी समृद्ध लायब्रेरी थी।

इसके बाद मैंने जब देशबन्धु रायपुर में काम शुरू किया, तब वहां भी बहुत अच्छी लायब्रेरी थी। पुस्तकालय एक ऐसी खिड़की है, जिसमें चारों तरफ से ताजी हवा आती है। देश-दुनिया से जुड़ते हैं। हमारी परिधि भी बड़ी होती जाती है। एकलव्य संस्था ने भी पुस्तकालय को बढ़ावा दिया है। हमारे कस्बे पिपरिया में भी एकलव्य का एक पुस्तकालय है। एक समय तो इस पुस्तकालय में काफी भीड़ होती थी। इस पुस्तकालय में सिर्फ किताबें ही नहीं है, बल्कि यह एक गतिविधि केन्द्र है। बच्चे यहां आते हैं और अलग-अलग तरह की गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। विचार व साहित्यिक गोष्ठियां भी होती हैं।

किताबों के बारे में कहा जाता है कि वे बहुत अच्छी दोस्त होती हैं। और एक ही किताब को दो लोग पढ़ते हैं, बातें करते हैं, तो उनमें भी दोस्ती हो जाती है। किताबों की दुनिया अलग होती है, वे हमें प्रेरणा देती हैं। अच्छा साहित्य हमें जीने की राह भी बताता है। हरदा की लायब्रेरी का नाम है-चहक। लायब्रेरी के इस मिशन में एक छोटी सी टीम है। जिनमें दो शिक्षिकाएं शोभा वाजपेयी और सुनीता जैन। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत टाले और हरदा डाइट में पदस्थ व्याख्याता मनोज जैन। शोभा वाजपेयी, अब सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। शोभा वाजपेयी ने लायब्रेरी के इस काम में इंजन का काम किया। जब रेलगाड़ी में इंजन लग जाता है, तो डिब्बे जुड़ते जाते हैं। अब उनकी टीम में बस्तियों के महिलाएं और छात्राएं भी जुड़ गई हैं।

वर्ष 2013 में चहक की शुरूआत हुई। किताबें एकत्र करना शुरू किया। कु छ एकलव्य संस्था से, कुछ दोस्तों से, कुछ अपने घर से किताबें एकत्र कीं और कुछ किताबें खरीदी भी। किताबों की पहचान के लिए उन पर लगाने के लिए 'चहकइ की सील बनवाई गई , बच्चों के बैठने के लिए दरी खरीदी गई। अब तक यह लायब्रेरी चार बस्तियों में फैल चुकी है। शोभा वाजपेयी बताती हैं कि 'बाइक पर किताबों का झोला लिए मैं निकलती तो उधर अपनी गाड़ी से हमारी मित्र मंडली इमलीपुरा पहुंचती। कभी दरी पर बैठ कर तो कभी आस-पास से कुर्सी मांग कर तो कभी खड़े-खड़े बाइक से सहारा लेकर ही हम लोग किताबें बांटते। खड़े रहने की स्थिति तब बनती जब उन घरों में कोई नहीं होता या कुछ खास कार्यक्रमों से गहमा-गहमी रहती। वे आगे बताती हैं कि 'मैं और सुनीता बच्चों को व्यवस्थित कर किताबें बांटते, हेमन्त भाई उनके साथ कुछ खेलकूद या गपशप करते और जैन सर किताबों पर बातचीत, फोटो वगैरह लेने आदि में व्यस्त रहते। एक-दो बार चित्रकला का आयोजन हुआ तो उसके बाद बच्चे हमसे कागज ले जाते और चित्र बनाकर लाते, इन चित्रों को जमा करना भी साथियों का एक काम हो गयाइ यहां सिर्फ स्कूल की तरह सब कुछ शब्दों से ही नहीं सिखाया जाता बल्कि चित्रकला, हाव-भाव के साथ कविता सुनाना, खेल-कूद करवाना और कहानी-कविता का नाट्य रूपांतरण आदि गतिविधियां भी होती हैं। यह लायब्रेरी के साथ गतिविधि केन्द्र भी है। यह सही है कि बच्चों में किताबों को पढ़ने की रूचि उनकी स्कू ली किताबें पढ़ने तक सीमित हो गई है। किताबें समय मांगती हैं। लेकिन किताबों की दुनिया अलग है। जब बच्चे यहां रंग-बिरंगे चित्रों वाली किताबें पढ़ते हैं। कहानी और कविता पढ़ते हैं, उनके हाव-भाव देखते ही बनते हैं। दिल उछल जाता है। वे कहानी और कविताओं के माध्यम से एक अलग दुनिया की सैर करते दिखते हैं। लेकिन डिजीटल व सोशल मीडिया एकतरफा है। इसकी सीमाएं हैं, कुछ देशों में इसे सीमित व नियंत्रित इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी पर इसका प्रतिकूल असर न हो। इस छोटे कस्बे में जहां बस्तियों में सार्वजनिक स्थान नहीं है, वहां मिलने-जुलने और विचारों के आदान-प्रदान का मंच है। यहां बैठकर विभिन्न विषयों पर बात करते हैं। देश-दुनिया व ज्ञान-विज्ञान की दुनिया से रू ब रू होते हैं। वे अपने सवालों के जवाब खोजते हैं। इस पहल में एक नया आयाम तब जुड़ा तब एक और शिक्षिका ने इन बच्चों के लिए नए-नए कपड़े सिलकर देना शुरू कर दिया। और यह भी जन सहयोग से ही। अपने और आस-पास के घरों में जो नए कपड़े हैं और जो इस्तेमाल नहीं में आ रहे हैं, उन्हें एकत्र कर बच्चों के लिए खासकर लड़कियों के लिए कपड़े फ्रॉक, स्कर्ट, टॉप आदि बनवाना और बच्चों में बांटना। वे सालों से ऐसा कर रही हैं, लेकिन अब लायब्रेरी के बच्चों के लिए भी कपड़े सिलकर देती हैं। आजकल का मकसद कैरियर बनाना हो गया है। बच्चे कैरियर के बारे में सोचते हैं लेकिन इस व्यवस्था में कैरियर बनाना मुश्किल है। बच्चों व युवाओं की सारी शक्ति इसमें ही लग जाती है।

# पुलिस कर्मियों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** खोह स्थित पुलिस लाइन के कान्हा सभागार में वाराणसी के राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित सभी पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियों को दी सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एसपी ने सीपीआर का अभ्यास किया।

प्रशिक्षण के दौरान राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आजकल व्यायाम और नृत्य करते समय भी लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुकने पर उसकी जान बचाने में मदद कर सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। कार्डिएक अरेस्ट के दौरान हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप नहीं कर सकता है। इस दौरान इलाज नहीं मिलने पर मिनटों में ही व्यक्ति की मौत हो सकती है।

बताया कि कार्डियक अरेस्ट के मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। इस दौरान अगर मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिलता तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। जो कार्डियक अरेस्ट आने पर मरीज को देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है। बताया कि मरीज को तब तक सीपीआर देते रहना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए या मरीज अस्पताल या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास नहीं पहुंच जाए। ऐसा करने से मरीज के बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। बताया कि अगर व्यक्ति की सांस सा धड़कन रुक गई है तो ऑक्सीजन की कमी से शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगी है। इसका असर मस्तिष्क पर भी पड़ता है। सही समय पर सीपीआर और इलाज शुरू नहीं होने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। इस विधि से व्यक्ति की सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को विशेष तरीके से दबाया जाता है।

उन्होंने डमी मानव शरीर पर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का लाइव प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सीपीआर के लिए सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठकर उसकी नाक और गला चेक कर यह सुनिश्चित करता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है। इसके बाद अपने दोनों हाथों की मदद से विशेष तरीके से एक मिनट में 100 से 120 बार छाती के बीच में तेजी से दबाना होता है। हर एक पुश के बाद छाती को वापस अपनी सामान्य स्थिति में आने देना चाहिए। इससे शरीर में पहले से मौजूद रक्त को हृदय पंप करने लगता है। 30 बार पुश करने के बाद मुंह पर साफ रूमाल रखकर दो बार सांसें दी जाती हैं। जिससे शरीर में रक्त का प्रवाह शुरू होता है और मस्तिष्क को ऑक्सीजन मिलने लगती है।

पुलिस अधीक्षक ने इस प्रशिक्षण का अभ्यास करते हुए कहा कि सीपीआर एक जीवन रक्षक प्रणाली है, जिसे आम जनमानस को सीखना बहुत जरूरी है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल, सूबेदार राकेश समाधिया सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्रोध, भय और संदेह पर स्वाधिष्ठान चक्र शुद्धि क्रिया से मिलता है नियंत्रण : योगाचार्य




**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने उपस्थ तथा स्वाधिष्ठान चक्र शुद्धि क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि स्वाधिष्ठान चक्र क्रोध, भय और संदेह जैसे नकारात्मक गुणों पर नियंत्रण करने में मदद करता है और रिश्तों को बेहतर बनाता है।

उन्होंने बताया कि यह योग क्रिया आत्मविश्वास मजबूत करने के साथ रचनात्मकता में वृद्धि, भावनात्मक स्थिरता, यौन स्वास्थ्य सुधार और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण निर्मित करती है। इसके नियमित अभ्यास से मूत्राशय, गुदा और प्रजनन अंगों से जुड़ी समस्याएं ठीक होती हैं। मधुमेह, भगंदर, बवासीर निर्मूल होते हैं। यह महिलाओं के लिए विशेष उपयोगी क्रिया है, जिससे गर्भाशय के रोग सुधरते हैं। स्वप्नदोष दूर होकर ब्रह्मचर्य पालन में सहायक है। बताया कि इसे करने के लिए दोनों पैरों में एक हाथ का अंतर रखकर सीधे खड़े हो जाते हैं। इसके बाद सांस को अंदर खींच कर मूतेंद्रिय और मल द्वार को एक साथ यथाशक्ति नाभि की ओर खींचते हैं तथा पैरों में कंपन होने पर क्रिया समाप्त करते हैं। यह क्रिया एक ही बार करनी होती है। सावधानी के तौर पर खाली पेट करने से अधिक लाभ मिलता है।

## पीड़ित महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत छिपटहरी तरौंहा निवासी गुंजा पत्नी सुरेन्द्र सोनकर ने बताया कि उसके मोहल्ले का रहने वाला बिलक्का उर्फ देशराज प्रजापति पुत्र गया ने अपनी लड़की की शादी के लिए 30,000 रुपये उधार लिए थे। बीती पांच नवंबर को बिलक्का उनके घर आया और उसके पति को पूछने लगा। साथ ही पति की गैरमौजूदगी में गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसका पति भी मौके पर आ गया। इस पर बिलक्का ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि दोबारा पैसा मांगने पर जान से मार देगा। पीड़ित महिला ने मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## पाक कला प्रतियोगिता में रसोईयों ने बनाई मेवायुक्त खीर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण निदेशक के निदेर्शानुसार रविवार को जिला मुख्यालय में जनपद के सभी विकासखण्डों एवं नगरक्षेत्र कर्वी से आये हुये कुल 30 रसोईयों के बीच पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रसोईयों से मीनू के अन्तर्गत मेवायुक्त खीर बनवाई गई।

यह प्रतियोगिता जनपद के मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयो में कार्यरत रसाईयों संवर्ग में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने, गुणवत्ता सुधार, स्वच्छता का ध्यान रखने व पारस्परिक सहयोग आदि विकसित करने के उ?देश्य से कराई गई। प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय लोढवारा नगरक्षेत्र कर्वी की रसोईयां सविता ने प्रथम स्थान, कम्पोजिट विद्यालय लोढवारा नगरक्षेत्र कर्वी की कलावती ने द्वितीय एवं कम्पोजिट विद्यालय कुंजनपुरवा नगरक्षेत्र कर्वी की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें पुरुस्कार स्वरूप क्रमशः 3500, 2500 व 1500 रुपये की धनराशि पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक समिति द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागी रसोईयों को 300 रुपये सांत्वना पुरस्कार व 350 रुपये यात्रा भत्ता के रूप में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में निर्णायक के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी के प्राचार्य सनत कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने अध्ययनरत विद्यार्थियों को सर्दी के दृष्टिगत स्वेटर वितरित किया। उन्होंने रसोईयों एवं शिक्षकों को एमडीएम की संवेदनशीलता के संबंध में आने वाली कठिनाईयों के बारे में अवगत कराया। साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता व अनुशासन एवं समय पालन आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री मनोज तिवारी, कार्यकर्ता महेश शिवहरे, कुलदीप सिंह, संतोष मिश्रा, आशा पाण्डेय, विद्या सागर सिंह, विजय प्रकाश शुक्ल, इन्द्रेश श्रीवास्तव, ईरम सिद्दकी आदि मौजूद रहे।

## किसी रिपोर्टर को फर्जी मुकदमे में धमकाएं तो बताएं : विधायक



**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** बीपीटी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह के दूसरे दिन पी डब्लू डी डाक बंगले में शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी का माल्यार्पण भव्य स्वागत किया। शिक्षक एमएलसी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### ट्रस्ट के पदाधिकारियों को विधायक ने सराहा

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने विधायक से कहा कि कवरेज और खबर से बौखलाए सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों ने रिपोर्टर्स को कई मर्तबा फर्जी मुकदमे लगाने को धमकाया इस मुद्दे को विधान सभा में उठाया जाए। जिससे कि किसी पत्रकार के साथ अन्याय नहीं हो सके।श्री तिवारी ने कहा कि जिस वक्त धमकी मिले मुझको अवगत कराए ये मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस दौरान संरक्षक के एस दुबे, सचिव अनिल तिवारी, नवीन मिश्रा, अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी ललित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अविनाशचंद्र दीक्षित, सह सचिव नवीन मिश्रा, महासचिव अंशू गुप्ता, प्रमुख अनिल गौतम, सचिव दिलीप जैन, शबाना खान, निर्मल शुक्ला, बालेंद्र तिवारी, राजेंद्र शर्मा, देशराज आदि मौजूद रहे।

## किसानों को दिया गया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** राम कृपा एजुकेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें संस्था के प्रबंधक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी किसानों को बताया कि क्षेत्र में ओयेस्टर मशरूम का उत्पादन बहुत आसानी से सितंबर से लेकर मार्च तक किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन करने की संपूर्ण विधि विस्तार से बताई। इस मौके पर संस्था के सदस्य शिव शंकर सिंह, राज बहादुर सिंह, किसान शाश्वत पांडेय, विवेक सिंह, जितन सिंह, राघवेंद्र सिंह, प्रकाश तिवारी, हेमा गोस्वामी, रजनी देवी, नैंसी, बबीता, सविता, सुरेंद्र सिंह, उमेश सिंह, राजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## दुकानदार परिक्रमा मार्ग में फेलाते हैं गंदगी, श्रद्धालुओं को होती है दिक्कतें

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट ब्यूरो।** कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाए जाने के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

सीतापुर निवासी राधेश्याम, राजाराम, संजय व वेदप्रकाश समेत दर्जन भर श्रद्धालुओं ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र है। यहां लाखों श्रद्धालु हर माह अमावस्या मेले में आकर कामदगिरि परिक्रमा करते है। इसके अलावा हजारों लोग नियमित रूप से प्रतिदिन कामदगिरि परिक्रमा करते है। श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केन्द्र बन चुके परिक्रमा मार्ग में इन दिनों कुछ दुकानदार अपने घर और दुकानों का कचरा निकालकर बाहर फेंक देते हैं। खासतौर से तुलसी चैरा से पीली कोठी के बीच इन दुकानदारों ने न तो अपने दुकानों के बाहर डस्टबिन रखे हैं और न ही कूड़ा एक जगह रखने का इंतजाम है। ऐसे लोग सफाई कर्मी द्वारा एक बार झाड़ू लगाकर जाने के बाद साफ हो चुके परिक्रमा मार्ग में भी कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। जिससे परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग में पड़े कूडे. से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। ऐसे में परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जानी चाहिए।

## पुलिस लाइन में हुआ निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** रिजर्व पुलिस लाइन चित्रकूट में रविवार को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस लाइन प्रभारी ने सैमुअल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि होम्यो पैथिक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने पर बल देती है। दवा की इस प्रणाली से शरीर में स्वयं को ठीक कर लेने की क्षमता विकसित होती है। वर्तमान समय में दुनिया भर में 20 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथिक दवाओं व उपचारों को अपनाते है। बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को पुलिस परिवारों के लिए होम्योपैथिक विभाग पुलिस लाइन में मासिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ मुकेश कुमार पांडेय, बद्री प्रसाद, अजय सिंह फार्मासिस्ट, शिवम शुक्ला डी.पी.एम. आदि ने चिकित्सीय परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया। शिविर मे चिकित्सकों ने लोगों संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ की जानकारी दी।

## कोरांव में टूटे विद्युत तार से एक युवक की मौत

**कोरांव।** ग्राम पड़रिया में अरुण आदिवासी उम्र लगभग 30 साल खेत मे टहलने गए विद्युत के टूटे तार और लापरवाही टूटे तार के कारण चपेट में मौत हो गई । बता दें कि रामधनी आदिवासियों पिता चार बेटे हैं जिनमें यह सबसे बड़े थे, अभी तक उनके बाल बच्चे नहीं थे शादी हो चुकी है घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पुतीन का मोदी को 'न्यूक्लियर ऑफर', पूरे पाकिस्तान में मची हलचल!



**रूस**

**भारत** को नए साल से पहले ही बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। खबर यह है कि पुतिन आएंगे दिसंबर में जब भारत तो फिफ्थ जनरेशन स्टल्थ फाइटर जेटोई 57 को लेकर मोदी इस डील पर मोहर लगा सकते हैं। और सबसे अहम यह है कि ये डील भारत की कंडीशंस पर होगी। भारत के टर्म्स पर होगी। भारत जैसा चाहता है उन शर्तों पर पुतिन यह डील करने के लिए तैयार हैं। दरअसल रूस की एक टेक्निकल टीम ने एचएल यानी कि हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स लिमिटेड को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कहा गया कि प्लांट में सुखोई 57 लड़ाकू विमान के प्रोडक्शन की पूरी कैपेसिटी है और रूस ने भारत को सुखोई 57 स्टेल फाइटर जेट के 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ सोर्स कोड सौंपने का भी ऑफर दे दिया है।

रूस ने कहा कि अगर सौदा तय होता है तो भारत में ही इस पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को प्रोड्यूस किया जाएगा। इसका प्रोडक्शन शुरू किया जा सकता है। और रूस की ओर से एक तकनीकी रिपोर्ट हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स लिमिटेड को सौंपी गई। कहा गया कि एचएल के पास पहले से ही करीब 50% क्षमता मौजूद है जो भारत में पांचवी पीढ़ी के सुखोई 57 ई स्टेल्थ फाइटर विमान के घरेलू उत्पादन के लिए जरूरी है। इस रिपोर्ट को रूस के सुखोई डिजाइन ब्यूरो और अन्य रक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने मिलकर तैयार किया है।

रूसी तकनीकी टीम ने सितंबर में एचएएल की प्रमुख उत्पादन सुविधाओं का दौरा किया था ताकि सुखोई-57ई संस्करण के स्वदेशी उत्पादन के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचे, विनिर्माण क्षमताओं और तकनीकी तत्परता का मौके पर ही आकलन किया जा सके। एचएएल के पास सुखोई विमान बनाने की तकनीक पहले से ही मौजूद है, क्योंकि भारत द्वारा सुखोई-30एमकेआई के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के लिए अंतर-सरकारी समझौते पर दिसंबर 2000 में हस्ताक्षर किए गए थे।

सूत्रों के मुताबिक एचएल अब एक विस्तृत आंतरिक रिपोर्ट तैयार कर रही है जिसमें आकलन किया जा रहा है कि एसयू 57ई यानी सुई 57 के पूर्ण पैमाने पर उत्पादन के लिए किन क्षेत्रों में निवेश की जरूरत होगी। इसमें एडवांस कंपोजिट सामग्रियों के निर्माण, रेडार, अब्सॉर्बिंग कोटिंग्स, डिजिटल डिजाइन और सिमुलेशन तकनीकी के साथ अगली पीढ़ी के इंजन के टेस्ट के लिए टेस्ट बेड बनाने में निवेश को यहां पर प्रायोरिटी दी गई है। साथ ही एचएल मानव संसाधन सप्लाई चेन डेवलपमेंट और अनुसंधान समेत तमाम पहलों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है।

# मोटे हैं, या मधुमेह है, या हृदय रोग है, या फिर कैंसर है तो नहीं मिलेगा अमेरिकी वीजा

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने आव्रजन नीतियों में एक बार फिर विवादास्पद रुख अपनाते हुए विश्वभर में स्थित अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को यह निर्देश दिया है कि वह ऐसे विदेशी नागरिकों को वीजा देने से मना करें जिनकी कुछ गंभीर या दीर्घकालिक चिकित्सीय स्थितियाँ हैं। यह निर्णय अमेरिकी आव्रजन प्रणाली में "स्वास्थ्य" को एक निर्णायक तत्व के रूप में स्थापित करने की दिशा में उठाया गया एक नया कदम है, जिसने मानवाधिकारों, समानता और वैश्विक गतिशीलता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।



देखा जाये तो ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी इस नई वीजा नीति के तहत, जिन विदेशी नागरिकों को अमेरिका में प्रवेश या स्थायी निवास की अनुमति चाहिए, उनके स्वास्थ्य की स्थिति अब उनके आवेदन के परिणाम को सीधे प्रभावित करेगी। ङत्रऋ ल्डीं'इं ठीढ्ढ२ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन ने यह निर्देश दिया है कि ऐसे लोगों को "वीजा के लिए अयोग्य" माना जाए जिनकी बीमारियाँ सार्वजनिक संसाधनों पर बोझ बन सकती हैं।

नीति में जिन बीमारियों का उल्लेख किया गया है, उनमें हृदय रोग, श्वसन संबंधी रोग, कैंसर, मधुमेह, मेटाबॉलिक बीमारियाँ, तंत्रिका संबंधी रोग, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ और यहाँ तक कि मोटापा तक शामिल हैं। निर्देश में कहा गया है कि ऐसे रोगों के इलाज पर "लाखों डॉलर तक खर्च" हो सकते हैं, इसलिए इन्हें "संभावित सार्वजनिक भार" की श्रेणी में रखा जाए।

यह भी कहा गया है कि वीजा अधिकारी आवेदक की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करें कि क्या वह बिना अमेरिकी सरकार की किसी सहायता के अपने उपचार का पूरा खर्च उठा सकता है। साथ ही, परिवार के सदस्यों– विशेषकर बच्चों या बुजुर्ग माता-पिता की स्वास्थ्य स्थिति को भी ध्यान में रखा जाए, क्योंकि उनकी देखभाल की ज़िम्मेदारी आवेदक की आर्थिक स्थिति और रोजगार क्षमता को प्रभावित कर सकती है।

# जैगर ममदानी की वजह से देश छोड़ देंगे 13 लाख नागरिक? मेयर बनते ही भड़क उठा इजरायल

**न्यूयॉर्क**

**न्यूयॉर्क** वैसे भी कोई साधारण शहर नहीं है, फिर भी जोहरान ममदानी की जीत न्यूयॉर्क के मानकों के हिसाब से भी असाधारण है। महज 34 साल के भारतीय/दक्षिण एशियाई/युगांडाई मूल के मुस्लिम व्यक्ति ममदानी और उनके विचारों को दुनिया भर में प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इन विचारों में से एक है उनका फि लिस्तीन समर्थक और जायोनिज्म विरोधी रुख, यही वजह है कि उनकी जीत ने इजराइल और उसके यहूदी नागरिकों के एक बड़े हिस्से में भी हलचल मचा दी है।

यरुशलम निवासी हाना जैगर ने ममदानी की उस शहर में सफलता के बाद समाचार एजेंसी एपी को बताया बहुत बुरा। यहूदियों के लिए, इजराइल के लिए, सबके लिए, यह बहुत बुरा है। आप और क्या कह सकते हैं? इजराइल के तेल अवीव के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी यहूदी आबादी है। ममदानी का अभियान मुख्यतः स्थानीय आर्थिक मुद्दों से प्रेरित था, जैसे मुफ़्त परिवहन, किफायती बाल देखभाल और आवास का वादा।

# 240000000000 एक दिन की तनख्वाह! कई देशों की GDP से भी अधिक का सैलरी पैकेज लेंगे एलन मस्क

**न्यूयॉर्क**


**इलेक्ट्रिक** कार निमार्ता कंपनी टेस्ला के शेयरधारकों ने सीईओ एलन मस्क के करीब 88 लाख करोड़ (1 ट्रिलियन ट्रिलियन डॉलर) के सालाना वेतन पैकेज को मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। मस्क के पैकेज के लिए कुछ शर्तें भी हैं। जैसे उन्हें 10 साल में कंपनी के बाजार मूल्य को 1.4 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ा 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना होगा। इस कदम पर टेस्ला बोर्ड की चेयरपर्सन रोबिन डेनहोल्म ने कहा, योजना टेस्ला कंपनी को रिचार्ज कर बड़ी ग्रोथ हासिल करने में मदद करेगी।

मस्क की रोबोट आर्मी आम लोगों का जॉब छीन लेगी

न्यूयॉर्क पेंशन फंड ने कहा, ये वेतन परफॉर्मेंस नहीं, बिना रोक-टोक ताकत के लिए है। मस्क रोबोट आर्मी से आम लोगों के जॉब्स छीन लेंगे। जबकि मस्क ने कहा, गरीबी को दूर करने का समाधान ह्यूमनॉइड रोबोट ही हैं।

टारगेट हासिल करने पर मिलेगी हिस्सेदारी

शेयरहोल्डर मीटिंग में पास किया गया यह वेतन पैकेज मस्क के लिए नए शेयर पाने का रास्ता तो खोलेगा, मगर इसके लिए उन्हें अगले दशक में कई जबरदस्त फाइनैंशल और ऑपरेशनल टारगेट्स हासिल करने होंगे। इन टारगेट्स को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने पर मस्क को नई हिस्सेदारी मिलती जाएगी और वे धीरे-धीरे ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ सकते हैं, जिससे वे अमेरिका के पूर्व सबसे अमीर रॉकफेलर को भी पछाड़ सकते है। रॉकफेलर की संपत्ति वर्तमान मानको के हिसाब से 630 बिलियन डॉलर आकी जाती है। वर्तमान में मस्क की निजी संपत्ति फोर्ब्स के अनुसार 493 बिलियन डॉलर है।



ये हैं 5 शर्तें जिन्हें पूरा करना होगा

टेस्ला की मार्केट वैल्यू 1.5 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ाकर 8.5 ट्रिलियन करना

10 लाख रोबॉटैक्सी तैनात करना

1.2 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन बेचने का टारगेट होगा

1 करोड़ यूजर्स को फुल सेल्फ-ड्राइविंग (ऋस्नऊ) सर्विस देना

10 लाख ह्यूमनॉइड रोबॉट की बिक्री करना

# काठमांडू एयरपोर्ट पर बड़ी तकनीकी खराबी, रनवे लाइट ठप, सभी उड़ानें रोकी गईं

**काठमांडू**

**नेपाल** के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रनवे लाइट में तकनीकी खराबी के बाद रोक दी गई हैं, हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया। अधिकारियों ने आगे कहा कि समस्या की पहचान और समाधान के लिए तकनीकी टीमों को तैनात किया गया है और आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सामान्य परिचालन बहाल कर दिया जाएगा।

यह घटना शुक्रवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (क्त्रञ्जक्क) हवाई अड्डे पर हुई एक बड़ी तकनीकी खराबी के कारण नेपाल के पड़ोसी देश भारत में उड़ान संचालन बाधित होने के एक दिन बाद हुई है, जिससे पूरे देश में हवाई यातायात प्रभावित हुआ। हवाईअड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल की उड़ान योजना प्रक्रिया के प्रमुख घटक स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) को पंगु बनाने वाली समस्या को पूरी तरह से सुलझा लिया गया है और एयरलाइन परिचालन शनिवार को सामान्य हो गया है। इस घटना के कारण सैकड़ों उड़ानों के कार्यक्रम बाधित हुए और भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर व्यापक देरी हुई, जहाँ से आमतौर पर प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानें संचालित होती हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल की उड़ान योजना प्रक्रिया के एक प्रमुख घटक, स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (अटरर) को ठप करने वाली समस्या का पूरी तरह से समाधान कर लिया गया है और एयरलाइन का संचालन सामान्य हो गया है।

# मोदी-नेतन्याहू के दुश्मन का बड़ा ऐलान, मुस्लिमों में जश्न

**न्यूयॉर्क**

**भारतीय** मूल का मुस्लिम अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क का मेयर चुनाव जीत गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर जोहरान ममदानी चुनाव जीतता है, तो वह न्यूयॉर्क में फंड की कटौती कर देंगे। लेकिन अब जोहरान ममदानी जीत चुका है। अब देखना होगा कि डॉनल्ड ट्रंप किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं। आपको बता दें कि चुनाव से कुछ दिन पहले ही जोहरान ममदानी ने वामपंथियों और कट्टरपंथियों का वोट बटोरने के लिए पीएम मोदी और भारत का अपमान किया था। जोहरान ममदानी ने मुस्लिम कार्ड खेलते हुए कहा था कि मैं भी मुस्लिम हूं लेकिन भारत में मेरी कम्युनिटी के लोगों पर अत्याचार होता है। इतना बोलते ही जोहरान ममदानी को कट्टरपंथियों और वामपंथियों के खूब वोट मिले होंगे। वैसे आपको बता दें कि ममदानी के पिता महमूद ममदानी गुजराती मूल के मुस्लिम हैं और उनकी मां लिबरल हिंदू मीरा नायर हैं।

ममदानी की जीत पर भारत का पक्का दोस्त इजरायल भी भड़का हुआ है। न्यूयॉर्क वैसे भी कोई साधारण शहर नहीं है, फिर भी जोहरान ममदानी की जीत न्यूयॉर्क के मानकों के हिसाब से भी असाधारण है। महज 34 साल के भारतीय/दक्षिण एशियाई/युगांडाई मूल के मुस्लिम व्यक्ति ममदानी और उनके विचारों को दुनिया भर में प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इन विचारों में से एक है उनका फि लिस्तीन समर्थक और जायोनिज्म विरोधी रुख, यही वजह है कि उनकी जीत ने इजराइल और उसके यहूदी नागरिकों के एक बड़े हिस्से में भी हलचल मचा दी है। यरुशलम निवासी हाना जैगर ने ममदानी की उस शहर में सफलता के बाद समाचार एजेंसी एपी को बताया बहुत बुरा। यहूदियों के लिए, इजराइल के लिए, सबके लिए, यह बहुत बुरा है। आप और क्या कह सकते हैं? इजराइल के तेल अवीव के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी यहूदी आबादी है। अमेरिका की मुख्यधारा की राजनीति लंबे समय से कट्टर रूप से इजराइल समर्थक रही है, तब भी जब संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक दृष्टिकोण तेल अवीव की नीतियों और युद्धों की आलोचना करते रहे हैं। ममदानी का चुनाव अब तक के रुख में आए ।



# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ग्रेनेड विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए ग्रेनेड विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को खैबर जिले की बारा तहसील में एक स्थानीय व्यक्ति के घर में हुई जिसमें संबंधित व्यक्ति के साथ दो अन्य लोगों की मौत हो गई।



पुलिस अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में घायल हुए व्यक्ति को डोगरा अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:

9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# बंधक के अवशेष मिलने के बाद इजराइल ने 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए

**गाजा**

**गाजा** के अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल की ओर से सौंपे गए 15 फलस्तीनियों के शव मिल गए हैं। एक दिन पहले हमास ने बंधक बनाए गए एक व्यक्ति का शव इजराइल को लौटा दिया था।

युद्ध विराम समझौते के तहत, इजराइल ने प्रत्येक इजराइली बंधक के बदले 15 फलस्तीनियों के शव सौंपे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शव शनिवार को खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल लाए गए।

हमास द्वारा एक और व्यक्ति का शव सौंपा जाना अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम समझौते के क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, बंधक के शव की पहचान लियोर रुडेफ के रूप में हुई है। ह्यस्टेजेस एंड मिसिंग फैमिलीज फोरमह्व ने बताया कि रुडेफ का जन्म अर्जेंटीना में हुआ था और वह बचपन में दक्षिणी इजराइल आ गया था। फोरम ने बताया कि हमास के हमले में रुडेफ की मौत हो गई थी जिसके बाद उसका शव गाजा ले जाया गया था।



युद्धविराम समझौता 10 अक्टूबर को लागू होने के बाद से फलस्तीनी चरमपंथियों ने रुडेफ के शव सहित 23 बंधकों के शव सौंप दिए हैं और पांच बंधक अब भी गाजा में हैं। शनिवार को लौटाए गए शवों को मिलाकर, इजराइल ने 300 फलस्तीनियों के शव सौंप दिए हैं।

गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों को डीएनए किट उपलब्ध न होने के कारण शवों की पहचान करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने अब तक 84 शवों की पहचान कर ली है। युद्धविराम की शर्तों के तहत, इजराइल को गाजा में काफी ज्यादा राहत सामग्री पहुंचाने की अनुमति देनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार, इस समझौते के तहत राहत कार्य अभी भी गाजा में जरूरत से काफी कम हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में 2,00,000 मीट्रिक टन से ज्यादा राहत सामग्री पहुंचाने की योजना है, लेकिन अभी तक केवल 37,000 टन ही पहुंचाई जा सकी है।

# पाकिस्तान की टूट गई शांति वार्ता, शहबाज के मंत्री बुरी तरह हुए बेइज्जत

**पाकिस्तान**

**अफगानिस्तान** और पाकिस्तान के बीच हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के खत्म हो गई है। अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबी उल्ला मुजाहिद ने इस असफलता के लिए पाकिस्तान के गैर जिम्मेदार और असहयोगी रवैया को जिम्मेदार ठहराया। अफगानिस्तान सरकार के मुताबिक अफगान प्रतिनिधिमंडल ने 6 और 7 नवंबर को पाकिस्तान के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से बातचीत की थी। लेकिन पाकिस्तानी पक्ष ने सारी सुरक्षा जिम्मेदारियां अफगानिस्तान पर डालने की कोशिश की और खुद कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। अफगान प्रवक्ता ने इस दौरान यह बात भी दोहराई कि इस्लामिक अमीरात किसी भी देश के खिलाफ अपनी धरती के इस्तेमाल की इजाजत नहीं देगा और देश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। दरअसल इस बातचीत से कोई ठोस नतीजा इसलिए भी नहीं निकला क्योंकि पाकिस्तान पहले दिन से ही अफगानिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था।

जियो टीवी की खबर के अनुसार, उन्होंने कहा कि पूर्ण गतिरोध है। वार्ता अनिश्चितकालीन दौर में प्रवेश कर गई है। मंत्री ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तुर्किये और कतर के ह्वईमानदार प्रयासोंह्व के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा वे हमारे रुख का समर्थन करते हैं। यहां तक ??कि अफगान प्रतिनिधिमंडल भी हमसे सहमत था; हालांकि, वे लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल औपचारिक, लिखित समझौते को ही स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते थे कि मौखिक आश्वासन स्वीकार किया जाए, जो अंतरराष्ट्रीय वार्ता में संभव नहीं है।



आसिफ ने कहा कि मध्यस्थों ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की, लेकिन आखिरकार उम्मीद छोड़ दी। उन्होंने कहा कि अगर उनमें थोड़ी भी आशा होती, तो वे हमें रुकने के लिए कहते। हमारा खाली हाथ लौटना दिखाता है कि उन्होंने भी काबुल से उम्मीद छोड़ दी है। मंत्री ने दोहराया कि पाकिस्तान का रुख दृढ़ और स्पष्ट है। उन्होंने कहा हमारी एकमात्र मांग यह है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमलों के लिए न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उकसाया गया तो पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि यदि अफगान धरती से कोई हमला होता है तो हम उसका जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि जब तक कोई आक्रमण नहीं होगा, युद्धविराम बरकरार रहेगा। वहीं, सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने शनिवार सुबह कहा कि आतंकवाद पर नियंत्रण के संबंध में अपने दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अफगान तालिबान पर है, जिसमें वे अब तक विफल रहे हैं। तरार ने कहा कि पाकिस्तान अफगान लोगों के खिलाफ कोई दुर्भावना नहीं रखता। हालांकि, वह अफगान तालिबान शासन के किसी भी ऐसे कदम का समर्थन कभी नहीं करेगा जो अफगान लोगों और पड़ोसी देशों के हितों के लिए हानिकारक हो। यह वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा में शुरू हुई थी, जिसमें कतर और तुर्किये ने 11 से 15 अक्टूबर के बीच सशस्त्र झड़पों के बाद दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की थी। पहला दौर बिना किसी ठोस प्रगति के समाप्त हो गया लेकिन दोनों पक्ष 25 अक्टूबर को इस्तांबुल में एक और दौर की वार्ता के लिए सहमत हुए। वह भी बेनतीजा रही। तीसरे और नवीनतम दौर का भी यही हश्र हुआ।